* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 128


# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

**महाराष्ट्र के किसान का दर्द :** 512 किलोग्राम प्याज बेचने के बाद फायदा हुआ सिर्फ दो रुपये



# झारखंड को 'वीरेंद्र रामों' और 'पूजा सिंघलों' से कब मिलेगी मुक्ति

## ■ ऐसे अधिकारियों के कारण ही प्रदेश पर लगा है भ्रष्टाचार का कलंक

## ■ अब समय आ गया है ऐसे अफसरों को तत्काल बेनकाब किया जाये

आजाद सिपाही **विशेष**

**करीब 25 साल पहले शिव विश्वनाथन और हर्ष सेठी ने भारत में भ्रष्टाचार की कहानियों पर 'क्रॉनिकल ऑफ करप्शन : फाउल प्ले' नामक एक किताब लिखी थी, जिसमें उन्होंने भ्रष्टाचार को चार तरह से परिभाषित किया है। लेकिन उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि झारखंड में इस तरह का और इस स्तर का भ्रष्टाचार होगा, जिसकी चर्चा मात्र से प्रदेश का सिर शर्म से झुक जायेगा। हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय की गिरफ्त में आये झारखंड के एक इंजीनियर वीरेंद्र राम की करतूतों ने राज्य के माथे पर जो कलंक का टीका लगाया है, उसकी कल्पना भी मुश्किल है। विश्वनाथन और सेठी ने भ्रष्टाचार के इस तरीके की परिभाषा नहीं की, क्योंकि यह नये किस्म का भ्रष्टाचार है, जिसमें सीधे राज्य के संसाधनों को अश्लील तरीके से लूटा गया और यहां की गरीब जनता के हकों को रौंद दिया गया। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि इन 'वीरेंद्र रामों' और 'पूजा सिंघलों' ने लूट-खसोट का साम्राज्य खड़ा किया, लेकिन चालाकी से कभी उसका दोष अपने ऊपर नहीं लगने दिया। भ्रष्टाचार के हर मामले में दोष राजनीतिक नेतृत्व पर लगता रहा। झारखंड में भ्रष्टाचार का यह एकदम नया एंगल है। यह विडंबना ही है कि जिस राज्य का हर दूसरा बच्चा कुपोषित हो, जहां आज भी लोग पीने के पानी के लिए रतजगा करते हों, वहां ऐसे भ्रष्ट अधिकारी अपनी काली कमाई का अश्लील प्रदर्शन करते हैं, राजनेता उन्हें संरक्षण देते हैं और अधिकारी नियम-कायदों के प्रति बेपरवाह हो जाते हैं। ऐसे अफसरों की पहचान करने और उन्हें बेनकाब करने की अब सख्त जरूरत है, क्योंकि पानी अब सिर से ऊपर जा चुका है। वीरेंद्र राम के काले कारनामों की पृष्ठभूमि में झारखंड के भ्रष्ट अधिकारियों के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

घोटालों और संस्थागत भ्रष्टाचार के लिए पूरी दुनिया में चर्चित झारखंड का एक और भ्रष्ट इंजीनियर प्रवर्तन निदेशालय के हत्थे चढ़ा है। वीरेंद्र राम जल संसाधन विभाग में नियुक्त हुए और अपने राजनीतिक आकाओं की बदौलत ग्रामीण विकास कार्य विभाग के सर्वेसर्वा बन गये। इडी की छापामारी में उनकी काली करतूत जैसे-जैसे सामने आ रही है, झारखंड के लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर इस राज्य को ऐसे 'वीरेंद्र रामों' और 'पूजा सिंघलों' से कब छुटकारा मिलेगा। आखिर क्यों ऐसे अफसरों की पहचान नहीं हो रही है और उन्हें लूट-खसोट की खुली छूट कैसे दी गयी।

वास्तव में झारखंड में ऐसे भ्रष्ट अफसरों की यह कहानी न पहली है और न अंतिम। 22 साल पहले बनाये गये झारखंड राज्य को भष्टाचार के दानव ने ऐसा दबोचा है कि इसे खत्म करने की ताकत किसी में नहीं है, चाहे कोई सरकार हो या कोई भी राजनीतिक दल। इस दानव को 'वीरेंद्र रामों' और 'पूजा सिंघलों' ने खूब पाला-पोसा। अब जब इनके काले कारनामे सामने आ रहे हैं, तो झारखंड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।

वीरेंद्र राम के परिवार पर दौलत का नशा अब भी सिर चढ़ कर बोल रहा है। इतना ही नहीं, इन अधिकारियों और उनके परिजनों को भरोसा है कि इस कार्रवाई से कुछ नहीं होगा। तभी तो वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी इडी के अधिकारियों को महंगे डाइनिंग टेबल का धौंस दिखाते हुए उस पर खाना खाने से मना करती है, तो बेटा कमरे में बिखरे ब्रांडेड शर्ट की कीमत बताते हुए कहता है कि कपड़ों को छू कर देख लो, एक शर्ट की कीमत कम से कम 35 हजार रुपये है। जिस झारखंड में लोग भर पेट खाना खाने के लिए जद्दोजहद में जुटे रहते हैं, वहां का एक अधिकारी इतना ढीठ हो सकता है, यह सोच से भी परे है। इतना ही नहीं, वीरेंद्र राम के परिवार के लोग साधारण पानी नहीं, फ्रांस की कंपनी का पानी पीते हैं, जिसकी कीमत तीन सौ रुपये प्रति लीटर है। फ्रांस की कंपनी में बना मिनरल वाटर इनके घर में इस्तेमाल होता है। पत्नी को महंगी चीजों का इतना शौक है कि वह नौकरों को सामान खरीदने भेजती है, तो कहती है सस्ती चीजें मत लेकर आ जाना।



### सिस्टम ही बनाता है 'वीरेंद्र राम'

झारखंड में तैनात वीरेंद्र राम जैसे इंजीनियर जानते हैं कि कितना भी भ्रष्टाचार करें, बाद में बरी हो जायेंगे, क्योंकि हमारी सरकारें ऐसे इंजीनियरों को आज तक सजा नहीं दे पायी हैं। ऐसे इंजीनियरों-अधिकारियों की सूची बहुत लंबी है। पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख रहे रास बिहारी सिंह पर सड़क परियोजनाओं के टेंडर में गड़बड़ी के आरोप लगे। 30 फीसदी तक कम बोली पर टेंडर देने फिर प्रोजेक्ट को संशोधित करके एसओआर से ऊपर लाने में वह फंसे भी थे। टेंडर घोटाले की जांच का आदेश दिया गया। जांच कमेटी ने एसीबी से जांच कराने की अनुशंसा की थी। रास बिहारी निलंबित हुए, पर सेवानिवृत्ति से पहले निलंबन हटा लिया गया। कार्रवाई से संबंधित फाइल पर अफसर कुंडली मारे बैठे रहे। जाहिर है, ऐसा करने के लिए अफसर ने भी मोटी रकम ली होगी। इडी को ऐसे अफसरों को भी रडार पर लेना चाहिए। इसी तरह भवन निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख रहे अरविंद कुमार सिन्हा पद पर रहते हुए सरकार की अनुमति के बिना विदेश चले गये। विधानसभा और हाइकोर्ट की बिल्डिंग के निर्माण में गड़बड़ी का आरोप भी लगा। बिना अनुमति विदेश यात्रा पर बर्खास्त करने तक का प्रावधान है। कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू हुई, लेकिन मोटी रकम लेकर अफसरों ने फाइल दबा दी। नतीजा गंभीर आरोप के बावजूद बेदाग सेवानिवृत्त हुए। उनके खिलाफ एसीबी में भी शिकायत की गयी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनके खिलाफ जांच करने की फाइल पर सहमति नहीं देनेवाले का भी चेहरा सामने ांना चाहिए। रांची नगर निगम के पूर्व चीफ इंजीनियर राजदेव सिंह पर निगम सहित अन्य विभागों में रहते हुए गंभीर आरोप लगे। निगम में दो करोड़ की सड़क को 22 करोड़ में बनाने का आरोप भी राजदेव और तत्कालीन कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह पर लगा था। इसके अलावा एक सौ करोड़ रुपये की सड़क-नाली की योजना और पेवर्स ब्लॉक लगाने में भी गड़बड़ी का आरोप लगा था। एसीबी जांच की सिफारिश की गयी, लेकिन उस फाइल पर भी अफसर कुंडली मार कर बैठ गये और राजदेव सिंह रिटायर भी हो गये। इसी तरह राज्य आवास बोर्ड के पावरफुल अभियंता संजीव सिंह पर चहेते ठेकेदारों को करोड़ों रुपये का ठेका देने, ठेकेदारों से मिलीभगत करके योजना को प्राक्कलन से ज्यादा रेट का बनाने और नौ से 10 फीसदी कम रेट पर टेंडर देने का आरोप लगा। इसके अलावा भू-खंड आवंटन सहित कई गंभीर आरोप लगे थे। नगर विकास विभाग ने जांच के बाद किसी प्रीमियर एजेंसी से जांच की अनुशंसा की थी, पर फाइल पर अफसरों ने कुंडली मार ली। इंजीनियर को बोर्ड से हटा कर नगर निगम में पदस्थापित कर दिया गया। रामविनोद सिन्हा का नाम कौन नहीं जानता। वह कहने को जूनियर इंजीनियर थे, लेकिन हनक किसी आइएएस से कम नहीं थी। करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोप में खुद तो जेल गये ही, आइएएस पूजा सिंघल को भी ले डूबे।

### आइएएस भी बहुत पीछे नहीं

ऐसा नहीं है कि झारखंड में लूट-खसोट के इस खेल में केवल इंजीनियर शामिल हैं। आइएएस अधिकारी भी कम नहीं हैं। राज्य के कई आइएएस अफसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप की जानकारी के लिए रिपोर्ट मांगी गयी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इन अफसरों पर भ्रष्टाचार के मामलों में जांच चल रही है। राज्य सरकार ने पांच आइएएस के बारे में जो रिपोर्ट भेजी है, उसके मुताबिक केके खंडेलवाल के खिलाफ बिहार में वर्ष 1999 में मामला दर्ज है। बिहार से इस संबंध में 13 बार पत्राचार कर अद्यतन स्थिति मांगी गयी है, लेकिन अब तक जवाब नहीं मिला है। आइएएस सुनील कुमार और के श्रीनिवासन के खिलाफ भी जांच गड़बड़ दिशा में चली गयी और यह कह दिया गया कि उनके खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिला है। जबकिआइएएस छविरंजन के खिलाफ 26 अक्तूबर 2016 को ही न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दिया गया है। आइएएस मनोज कुमार के खिलाफ वर्ष 2017 में प्रशासनिक कार्रवाई के लिए अनुशंसा की गयी है, जो अब तक लंबित है। उनके खिलाफ कार्रवाई करने से कौन रोक रहा है, यह भी सामने आना चाहिए।

अब झारखंड के लिए यह तय करने का समय आ गया है कि उसे ऐसे 'वीरेंद्र रामों' और 'पूजा सिंघलों' की जरूरत है या नहीं, जिन्हें हर वह सुविधा दी जाती है, जिसके लिए आम झारखंडी तरसता है। ऐसे 'वीरेंद्र रामों' और 'पूजा सिंघलों' की संतानों को तत्काल झारखंडी होने का प्रमाण पत्र मिल जाता है, अच्छी शिक्षा के अवसर मिल जाते हैं और नौकरी करने का अवसर भी मिल जाता है। लेकिन जब बात झारखंड के हितों की होती है, तो ये 'वीरेंद्र राम' और 'पूजा सिंघल' उसकी बलि चढ़ाने में जरा भी नहीं हिचकते। इसलिए अब ऐसे 'वीरेंद्र रामों' और 'पूजा सिंघलों' की पहचान करने और उनसे छुटकारा पाने का वक्त आ गया है।

# राज्य में भ्रष्ट नौकरशाहों का संरक्षक कौन, जनता जानना चाहती है : दीपक प्रकाश

**कहा-एसीबी की अनुशंसा के बावजूद मुकदमे दर्ज क्यों नहीं हुए**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। दीपक प्रकाश प्रवर्तन निदेशालय द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में राज्य भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुका है। बिचौलिए और भ्रष्टाचारी दिन रात फल-फूल रहे हैं। जिस प्रकार से सभी विभागों में रोज लूट के नये-नये कारनामे उजागर हो रहे हैं, जनता उसकी कल्पना भी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि इडी की कार्रवाई के पहले आखिर क्या कारण रहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचारियों पर एफआइआर दर्ज करने, दंडात्मक कार्रवाई करने जैसी फाइलों पर कुंडली मार कर



बैठी रही। उन्होंने कहा कि केवल वीरेंद्र राम ही नहीं, बल्कि पथ निर्माण विभाग, रांची नगर निगम, राज्य आवास बोर्ड, विधानसभा और हाइकोर्ट बिल्डिंग निर्माण में भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों से घिरे अभियंताओं पर एसीबी की अनुशंसा के बावजूद मुकदमे दर्ज क्यों नहीं हुए, कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा कि राज्य के वरिष्ठ मंत्री आलमगीर आलम तो ऐसे भ्रष्ट अभियंता को बॉडी गार्ड उपलब्ध कराने के लिए पत्र से अनुशंसा भी कर चुके हैं। इससे स्पष्ट है कि अपराधियों, भ्रष्टाचारियों को राज्य सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। भाजपा राज्य संपोषित भ्रष्टाचार का आरोप कई बार लगा चुकी है। पार्टी लगातार इसके खिलाफ आंदोलन भी कर रही है। उन्होंने कहा कि इडी की कार्रवाई के बाद एक वरिष्ठ आइएएस अधिकारी पर कार्रवाई हो रही, लेकिन अभियंताओं की तरह कई वरिष्ठ अधिकारी, नौकरशाहों पर लगे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों की फाइल सत्ता के शीर्ष स्तर पर कार्रवाई की बाट जोह रही। उन्होंने कहा कि इडी की कार्रवाई में कई नाम जब्त दस्तावेजों में उजागर हो रहे हैं। ऐसे लोगों से भी गंभीरतापूर्वक पूछताछ होनी चाहिए चाहे उसमें कोई नौकरशाह हो, दलाल बिचौलिया हो या फिर कोई राजनीतिज्ञ। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करने, उसे संरक्षण देने वाले दोनों बराबर के दोषी हैं। इसलिए किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए, कार्रवाई होनी चाहिए। राज्य की जनता दूध का दूध और पानी का पानी देखना चाहती है।

# नशे में धुत दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोड्डा।** शराब के नशे में धुत बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गयी। घटना पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के बांझी रोड में गुरुवार की आधी रात की है। जानकारी के मुताबिक पोड़ैयाहाट के द्रुपद गांव निवासी गणेश मंडल और गजानंद मंडल एक ही बाइक पर सवार होकर किसी शादी समारोह से लौट रहे थे।

बांझी रोड में तीखा मोड़ के करीब बाइक अनियंत्रित हो गयी और एक मकान में जा टकरायी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक दस फीट तक हवा में उड़ गये और सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को गोड्डा सदर अस्पताल में रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही दोनों की मौत हो गयी। दोनों युवक गणेश मंडल एवं गजानंद मंडल आपस में रिश्तेदार थे।

# बजट सत्र बेहतर ढंग से चले, सरकार पूरी तैयार है : सीएम

**27 फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र, स्पीकर ने की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू होना है। सत्र सुचारू रूप से चले, इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को सभी पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक बुलायी थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री



हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। लेकिन भाजपा की ओर से इस बैठक में कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा कि बजट सत्र प्रारंभ होना है। इसको लेकर अध्यक्ष ने हमें यहां बुलाया। सरकार पूरी तरह से तैयार है कि सत्र बेहतर ढंग से चले। राज्य की समस्याओं का समाधान हो। उन्होंने कहा कि इस बैठक में है विपक्ष को भी बुलाया गया था, लेकिन वे क्यों नहीं आये, ये उनका विषय है। कुल मिला कर हम सब पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं, बैठक में माले के विधायक विनोद सिंह और निर्दलीय विधायक सरयू राय शामिल हुए। स्पीकर ने बैठक के दौरान सभी से सत्र को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। वहीं, सरकार से कहा कि सदन में आनेवाले सभी सवालों का जवाब देने के लिए पूरी तैयारी के साथ आयें।

## रांची के सूचना भवन में ओडीओपी-पीआइबी मीडिया संपर्क कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जिले के उत्पादों को एक प्लेटफार्म पर लाना ओडीओपी का मकसद

**एक जिला एक उत्पाद योजना से झारखंड के सभी जिले जुड़े**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) द्वारा भारतीय ओडीओपी संपर्क मीडिया कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को पत्र सूचना कार्यालय, रांची के सहयोग से सूचना भवन के सभागार में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पीआइबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि ओडीओपी के जरिए देश आत्मनिर्भर बन रहा है। प्रणव पाल, ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, झारखंड सरकार ने कहा कि जिलों को निर्यात केंद्र बनाने



के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। सप्लाई चेन को बेहतर करने पर फोकस किया जा रहा है। आकाशवाणी रांची के संयुक्त निदेशक अब्दुल हमीद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। हम सबको अपने लोकल उत्पाद के लिए वोकल बनना होगा। डिप्टी डायरेक्टर निरंजन तिर्की ने कहा कि यह एक शुरुआत है। इंटरनेशनल मार्केट के लिए विक्रेताओं को झारखंड सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा। शैलेंद्र सिंह, डेवलपमेंट ऑफिसर इंडस्ट्रीज ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा ओडीओपी के वर्कशॉप झारखंड में भारत सरकार द्वारा आयोजित किये जायें। कार्यक्रम के दौरान सोहराई कलाकारी के विक्रेता ने कहा कि उन्हें सर्टिफिकेशन में सहायता चाहिए। वहीं एक शहद विक्रेता ने कहा कि उन्हें पैकेजिंग के लिए मार्गदर्शन की जरूरत है। इशदीप सिंह और सोनल चौधरी ने ओडीओपी, डीपीआइआइटी का प्रतिनिधित्व करते हुए ओडीओपी की पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने एनपीओपी, जेम, एनआइडी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। विक्रेताओं के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने यहां के लोकल विक्रेताओं को पूरी सहायता करने का आश्वासन दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएसआइ इंडस्ट्रीज वंदना डाडेल, एमडी झारक्राफ्ट आकांक्षा रंजन, इंडस्ट्रीज डिपार्टमेंट और पीआइबी, रांची का सहयोग रहा।

www.epaper.azadsipahi.in

25 फरवरी, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 128

27 फरवरी को जारी होगी पीएम किसान की 13वीं किस्त









**इडी की कार्रवाई :** चीफ इंजीनियर के धनकुबेर बनने का राज परत दर परत खुल रहा

# बीडीओ-सीओ आवास के निर्माण में वीरेंद्र राम की भूमिका संदिग्ध

- इडी की रिमांड में वीरेंद्र राम से चल रही पूछताछ, खुल रहे राज
- दो कंपनियों ने पत्नी और पिता के खाते में करोड़ों जमा कराये
- कंपनी संचालक को रुपये जमा कराने की जानकारी ही नहीं
- नेताओं और अधिकारियों से संपर्क भी आ रहा है सामने



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को कोर्ट से गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेजने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों ने शुक्रवार से उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में 300 रुपये लीटर फ्रांस का पानी पीने वाले वीरेंद्र राम के धनकुबेर बनने का राज परत दर परत खुल रहा है। अकूत कमाई के पीछे टेंडर मैनेज और कमीशनखोरी की बात सामने आ चुकी है। वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता के केनरा बैंक एकाउंट में करोड़ों रुपये जमा कराये गये थे। उधर, राज्य में बीडीओ-सीओ के लिए बन रहे आवास में भी वीरेंद्र राम की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। वीरेंद्र राम को कहां-कहां से और किस-किस से पैसे आ रहे थे, इडी इसकी पुष्टि करने में लगी है। साथ ही पैसा किन-किन लोगों तक पहुंचता था, इसकी भी जानकारी हासिल करने का प्रयास चल रहा। सूत्रों की मानें तो अब तक जो बातें सामने आयी हैं, उसमें कई अधिकारी और नेता इडी के रडार पर आ गये हैं। वीरेंद्र राम के यहां प्राप्त कागजातों और बतायी गयी बातों की पुष्टि के बाद इन अधिकारियों और नेताओं पर शिकंजा कस सकता है। उन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

**पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में हैं राम :** दो दिन की छापामारी के बाद इडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें गुरुवार को इडी की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां इडी ने 10 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग की थी। कोर्ट ने पांच दिनों की न्यायिक हिरासत की अनुमति दी। वीरेंद्र राम से शुक्रवार से पूछताछ शुरू कर दी गयी है। इडी के अधिकारी उनसे एक-एक पैसे का हिसाब ले रहे हैं। उन्होंने कई राज उगले हैं, जिनकी इडी पुष्टि करने में लगी है।

**आवास निर्माण का 452.44 करोड़ का था ठेका :** सूत्रों के मुताबिक इडी की वीरेंद्र राम से पूछताछ में विभाग के सहायक अभियंता से लेकर ठेकेदारों और वरीय अधिकारियों तक की मिलीभगत सामने आ रही है। विगत एक साल में ग्रामीण विकास विभाग ने बड़े पैमाने पर ब्लॉक बिल्डिंग निर्माण का कार्य शुरू किया है। विभाग ने 5 अगस्त 2021 को 83 प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी आवास, पर्यवेक्षक आवास, तृतीय वर्ग कर्मी आवास, चतुर्थ वर्ग कर्मी आवास, प्रखंड परिसर का विकास एवं विविध नवनिर्माण की योजना ली थी। इनमें 452.44 करोड़ की लागत की योजना मंजूर की गयी थी। प्रोजेक्ट पर तकनीकी स्वीकृति वीरेंद्र राम ने दी थी। सूत्रों के अनुसार वीरेंद्र राम ने ही सारे ब्लॉक बिल्डिंग काम के लिए टेंडर जारी कराया था। इसके बाद इसे फाइनल करा कर स्वीकृति दी गयी। आवास निर्माण के टेंडरों में बड़े पैमाने पर खेल होने की आशंका जतायी जा रही है। इडी को चीफ इंजीनियर ऑफिस से मिले दस्तावेज में ब्लॉक बिल्डिंग निर्माण में जारी निविदाओं में कई गड़बड़ी की बात सामने आ रही है। कई भवन निर्माण कार्य में एल वन की बजाय एल थ्री ठेकेदारों को काम आवंटित किया गया है। खास बात यह है कि बीडीओ-सह सीओ आवास सहित अन्य आवास निर्माण की 83 योजनाओं पर पहले 365 करोड़ से अधिक लागत आने का आकलन किया गया था। नया शिड्यूल ऑफ रेट तय होने के बाद इसके प्राक्कलन में बढ़ोतरी हुई। बाद में चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम ने इन योजनाओं पर 452 करोड़ रुपये की राशि खर्च होने का आकलन किया, जिसके बाद द्वितीय अनुपूरक से 180 करोड़ रुपये अलग से लिया गया था।

### खाते में गये पैसे, फर्म मालिक को पता ही नहीं

सूत्रों के मुताबिक इडी की जांच में पता चला है कि वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के केनरा बैंक के ज्वाइंट एकाउंट में 5.70 करोड़ और 3.59 करोड़ जमा हुए थे। जांच में पाया गया है कि आरके इन्वेस्टमेंट और आरपी इन्वेस्टमेंट एंड कंसल्टेंसी के खातों से पैसे आये थे। इडी ने दोनों फर्म के संचालक राजेश कुमार केडिया और रीना पाल का भी बयान दर्ज किया है। दोनों ने बताया है कि उनके बैंक खातों का संचालन सीए मुकेश मित्तल करते हैं। उन लोगों को यह जानकारी नहीं है कि उनके खातों के जरिए पैसे क्रेडिट हुए हैं। इडी ने पाया कि वीरेंद्र की पत्नी राजकुमारी देवी ने कई महंगी गाड़ियों व अचल संपत्ति की खरीद की थी। इसका जिक्र आयकर रिटर्न में भी नहीं था। राजकुमारी देवी ने बताया है कि उनके खातों में पति ने पैसे डलवाये इसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। वहीं वीरेंद्र राम ने स्वीकार किया कि ठेके में कंपनियों से वह कमीशन लेते थे। कमीशन की राशि उन्होंने कई बड़े नौकरशाहों, बड़े नेताओं और रिश्तेदारों को दी।

रामगढ़ की चुनावी सभा में फिर विपक्ष पर गरजे सीएम

# उचक्का और हत्यारों की जमात है विपक्ष : हेमंत

**बीरु कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को रामगढ़ पहुंचे। छावनी फुटबॉल ग्राउंड में महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। सभा में एक बार फिर मुख्यमंत्री के निशाने पर भाजपा और आजसू थी। सीएम ने कहा कि पूरा विपक्ष चोर-उचक्का और हत्यारों की जमात है। उनके शासन में मॉब लिंचिंग होती थी। रामगढ़ में 2019 से पहले आतंक का राज था। व्यापारी और नागरिक हमेशा दहशत में रहते थे। शहर जलता रहता था। हमारी सरकार के शासन काल में स्थितियां बदली हैं। विकास के काम हुए हैं।

**लोगों को सावधान रहने की जरूरत :** हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा और आजसू के नेताओं ने मॉब लिंचिंग के आरोपियों को जेल से बाहर निकलने के बाद माला पहना कर सम्मानित किया था। वे लोग हमेशा समाज को जाति, धर्म और संप्रदाय के नाम पर तोड़ने का ही काम करते हैं। गद्दी पाने के लिए भाजपा और आजसू के नेता किसी भी हद तक जा सकते हैं। ऐसे लोगों से अब हमेशा सावधान रहने की जरूरत है।

**सपने में सरकार गिरा कर सीएम बन जाते हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा और आजसू के नेता नींद में सरकार गिरा कर सीएम बनने का सपना देख रहे हैं। लेकिन उनका सपना साकार नहीं होगा। यहां के व्यापारियों और नागरिकों को अब पिछले तीन सालों से शांति महसूस हो रही है। एक बार फिर रामगढ़ में आतंक का राज कायम करने के लिए भाजपा और आजसू चुनावी मैदान में हैं। उन लोगों के हाथ में सत्ता रही, तो विकास का एक भी काम नहीं किया।

**आपदा के बावजूद हमने किया विकास :** हेमंत सोरेन ने कहा कि 2019 में सरकार बनते ही कोरोना जैसी आपदा आ गयी। इसके बाद झारखंड में सुखाड़ भी किसानों को परेशान करने लगा। हमने दोनों आपदाओं के बावजूद विकास की पटरी हो ठीक किया। किसानों का लोन माफ किया।

**हम जनता से काम करके मांग रहे हैं वोट :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा आजसू के लोगों ने 20 वर्षों में मात्र 12000 लोगों को राशन कार्ड दिया, लेकिन पिछले तीन वर्षों में हमने 128000 लोगों को राशन कार्ड बना कर दिया है। विधवाओं को पेंशन, बुजुर्गों को पेंशन, शिक्षकों को वेतन, बच्चियों को किशोरी समृद्धि योजना, यहां तक कि दिव्यांगों को भी पेंशन देने का काम किया है। आज हम जब जनता के बीच काम कर रहे हैं, तो अधिकार से वोट मांगने भी आये हैं। उन्होंने कहा कि 27 फरवरी को जनता की अदालत में ममता देवी का फैसला होना है। उसे न्याय देने का जिम्मा अब जनता के हाथ में है।

**इन्होंने भी सभा को संबोधित किया :** मंत्री आलमगीर आलम, विधायक अनूप सिंह, उमाशंकर अकेला, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, फागु बेसरा, संजीव बेदिया, पूर्णिमा नीरज सिंह, दीपिका पांडे, पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने जनता को संबोधित किया।



### हेमंत ने रामगढ़ में किया रोड शो

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रामगढ़ में शुक्रवार की शाम रोड शो कर शक्ति प्रदर्शन जैसा माहौल बना दिया है। फुटबॉल ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद उनका काफिला रामगढ़ शहर की सड़कों पर उतर गया। मेन रोड, सुभाष चौक, गांधी चौक, चट्टी बाजार होते हुए उनका यह रोडशो सिदो-कान्हू मैदान पहुंचा। मुख्यमंत्री ने इस रोड शो के माध्यम से यूपीए उम्मीदवार बजरंग महतो को जिताने की अपील की। फुटबॉल ग्राउंड से निकलने के बाद जब उनका काफिला सुभाष चौक पहुंचा, तो उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां सिख समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री को माला पहना कर जीत का आशीर्वाद भी दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला जब गांधी चौक पहुंचा, तो वहां रुक कर मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गौरतलब है कि रामगढ़ में उपचुनाव के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। इससे तीन दिन पहले मुख्यमंत्री का यह रोड शो चुनाव को एक अलग ही मुकाम पर ले कर चला गया है। उन्हें उम्मीद है कि इससे यूपीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित होगी।

## सीएम के सुरक्षा प्रभारी को इडी ने भेजा समन

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजनेताओं और नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश के यहां से एके 47 बरामदगी मामले में इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुरक्षा के प्रभारी विमल कुमार को समन भेजा है। इडी ने उन्हें 28 फरवरी को पूछताछ के लिए रांची स्थित जोनल कार्यालय बुलाया है। इस मामले में मुख्य सुरक्षा अधिकारी डीएसपी विमल कुमार से पिछले साल अक्टूबर महीने में इडी पूछताछ कर चुकी है। विमल कुमार ने इडी को पिछली पूछताछ में बताया था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनके दो जवान प्रेम प्रकाश के यहां अंगरक्षक के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें न तो मौखिक और न ही लिखित रूप से प्रेम प्रकाश के यहां तैनात किया गया था। गौरतलब है कि इडी की छापेमारी में प्रेम प्रकाश के आवास से 24 अगस्त 2022 को दो एके-47 राइफल और 60 कारतूस बरामद किया गया था। बाद में छानबीन से पता चला कि दोनों एके-47 राइफल सीएम आवास की सुरक्षा में तैनात दो जवान मुकेश कुमार और श्यामल होरो के थे, जिन्हें अवैध तरीके से प्रेम प्रकाश के अंगरक्षक के रूप में लगाया गया था।

## विधायक कैश कांड मामले में हाइकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की ओर से रांची में की गयी जीरो एफआइआर को कोलकाता ट्रांसफर करने के खिलाफ दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि विधायकों के पास से जो पैसे बरामद हुए थे, उसे लेकर कोलकाता में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी, इसलिए अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो एफआइआर को वरीय अधिकारियों की सलाह पर कोलकाता भेज दिया गया। वहीं प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रुपया बरामदगी को लेकर कोलकाता में प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकती है। यह कोलकाता पुलिस के क्षेत्राधिकार में तहत नहीं आता है। बंगाल सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा ने कोर्ट को बताया कि अभी मामले में जांच चल रही है। यह पता नहीं चल पाया कि वित्तीय अनियमितता का मामला है या नहीं। बरामद पैसा किस मद का है, इसकी जांच चल रही है। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता विनोद साहू ने पैरवी की, वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की कोर्ट में हुई। गौरतलब है कि तीनों विधायकों के पास से बीते साल कोलकाता में 46 लाख रुपये बरामद हुए थे। इस मामले को लेकर रांची में अनूप सिंह ने सरकार गिराने की साजिश में इन विधायकों के शामिल होने का आरोप लगाते हुए जीरो एफआइआर दर्ज करायी थी।


इडी ने सरकार को दुबारा लिखा पत्र

## पूजा सिंघल पर आय से अधिक संपत्ति और उगाही का केस करें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के मुख्य सचिव को एक बार फिर पत्र लिखा है। अपने पत्र में कहा है कि मनी लांड्रिंग के केस में आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और अफसरों से उगाही के मामले में प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं की गयी। इस संबंध में इडी का यह दूसरा पत्र है। इससे पहले भी एजेंसी ने पत्राचार कर पूजा सिंघल के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया था।

मनी लांड्रिंग के आरोप में पूजा सिंघल को गिरफ्तार करने वाले प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में इस तथ्य का उल्लेख किया है। तत्कालीन डीएसपी (मुख्यालय) पतंजलि मिश्रा ने मनरेगा से जुड़े मामलों की जांच की थी। 18.06 करोड़ रुपये के संयुक्त गबन से संबंधित कुल 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी। पूजा सिंघल 16 फरवरी 2009 से 19 जुलाई 2010 की अवधि के दौरान खूंटी जिला की उपायुक्त थीं। वह विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए निधि की मंजूरी के लिए प्रमुख प्राधिकारी थीं। इडी ने दावा किया है कि पूजा सिंघल को उक्त अवधि के दौरान विभिन्न बैंकों में कई खातों में बड़ी मात्रा में नकद जमा करते हुए पाया गया था। वह अपने नाम से दो पैन नंबर यानी एआरजेपीएस 2447 आर और एएमकेयूपीएस 9964बी रख रही थीं।




नगालैंड-मेघालय में प्रधानमंत्री ने तीन चुनावी सभा को किया संबोधित, कहा

# कुछ लोग कहते हैं, मोदी तेरी कब्र खुदेगी, देश कह रहा है मोदी तेरा कमल खिलेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**शिलांग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नगालैंड और मेघालय में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने मेघालय के शिलांग में कहा कि कुछ लोग, जिनको देश ने नकार दिया है, जो निराशा के गर्त में डूब चुके हैं, वे आजकल माला जपते हैं और कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी, लेकिन देश का कोना कोना कह रहा है, मोदी तेरा कमल खिलेगा। गौरतलब है कि मेघालय और नगालैंड में 60 विधानसभा सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से आपका यह प्यार और आशीर्वाद मिल रहा, मैं आपके इस कर्ज को जरूर चुकाऊंगा। मैं मेघालय का विकास और आपके कल्याण के काम को गति देकर कर्ज चुकाऊंगा। आपके इस प्यार को मैं बेकार नहीं जाने दूंगा। उन्होंने कहा कि जब मैं मेघालय के बारे में सोचता हूं, तो मैं प्रतिभाशाली लोगों, जीवंत परंपराओं के बारे में सोचता हूं। अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में भी सोचता हूं। मेघालय का संगीत जीवंत है। फुटबॉल के लिए जुनून है। मेघालय के हर कोने में रचनात्मकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेघालय में चारों तरफ भाजपा ही भाजपा दिख रही है। पर्वतीय हो या मैदानी इलाका, गांव हो या शहर हर तरफ कमल खिलता दिख रहा है। मेघालय आज फैमिली फर्स्ट की बजाय पीपुल फर्स्ट वाली सरकार चाहता है, इसलिए आज 'कमल का फूल' मेघालय की मजबूती, शांति और स्थिरता का पर्याय बन गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने नगालैंड के दिमापुर में सभा की। उन्होंने यहां अपने संबोधन में नॉर्थ-ईस्ट को लेकर पहले की कांग्रेस सरकार की नीतियों पर जम कर हमला बोला।



# प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से लें: डॉ मानस रंजन रे

**पर्यावरण मेला में विशेषज्ञों ने दिये व्याख्यान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पर्यावरण मेले में शुक्रवार को मोरहाबादी में चितरंजन राष्ट्रीय कैंसर इंस्टीट्यूट कोलकाता के पूर्व सहायक निदेशक डॉ मानस रंजन रे ने प्रदूषण का मानव जीवन पर कुप्रभाव विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने चेताया कि अगर शासन व्यवस्था और समाज ने प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तो आने वाले दिनों में वायु प्रदूषण के कारण देश में ही नहीं पूरी दुनिया में कैंसर से मरने वालों की संख्या बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में प्रदूषण को रोकने के लिए जो कदम उठाये जाने चाहिए थे। वो नहीं उठाये गये। युगांतर भारती और नेचर फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे पर्यावरण मेले में कोलकाता से शिरकत करने आये डॉ रे ने कहा कि वायु प्रदूषण का असर से बच्चे अंडरवेट पैदा हो रहे हैं। वो



निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण आम आदमी ज्यादा डिप्रेस्ड में जी रहा है। छत्तीसगढ़-दिल्ली में इंडस्ट्रियल पोल्यूशन बहुत ज्यादा है। हिमाचल में इंडस्ट्रियल पोल्यूशन बेहद कम है, इसलिए वहां के बच्चे शरीफ दिखते हैं। यह फर्क है पोल्यूटेड और अनपोल्यूटेड एरिया का। उन्होंने कहा कि अगर इंसान को इस पोल्यूशन को कम करना है तो सरकार ने जो भी नियामक बनाये हैं, उसका 100 फीसदी अनुपालन करना होगा।

उन्होंने अमेरिका का उदाहरण दिया, जहां भारत की तुलना में ज्यादा उद्योग-धंधे चल रहे हैं। डॉ रे ने भारत में पोल्यूशन बढ़ने का एक बड़ा कारण बढ़ती हुई आबादी को भी बताया। उन्होंने कहा आप आबादी कम नहीं कर रहे हैं। आबादी बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि घर में अगरबत्ती या धूप जलाना अथवा बीड़ी-सिगरेट पीना कैंसर को खुलेआम न्यौता देने के बराबर है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण से सबसे ज्यादा असर उन लोगों को पड़ता है, जो डायबिटीज के रोगी हैं। इस संगोष्ठी में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत, डॉ एमके जमुआर, शिवानी लता, आईएनए के डॉ पीके सिंह और सदर अस्पताल के डॉ विमलेश कुमार सिंह, धर्मेन्द्र तिवारी सहीत अन्य मौजूद थे।

# आजसू ने वोट की परिभाषा विकास में बदल दी है : सुदेश

**आजसू सुप्रीमो ने चोकाद, मगनपुर, बेटूलकलां में चुनावी सभा को किया संबोधित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गोला।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने शुक्रवार को चोकाद, मगनपुर एवं बेटूलकलां गांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। चोकाद में उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले वोट का मतलब बूंदिया होता था। वोट देने के बाद खाते खाते घर लौटते थे। लेकिन आजसू ने इसकी परिभाषा बदल के रख दी।




आजसू ने वोट की परिभाषा विकास में बदल दी। जिस तरह से ग्रामीण कार्यक्रमों में उत्साह दिखा रहे हैं , उससे लग रहा है कि जीत हो गयी है। सिर्फ जुलूस निकालना बाकी है। हर सुख दुख में चंद्रप्रकाश चौधरी खड़ा रहे हैं। उन्होंने यहां के लोगों का विश्वास जीता है। उन्होंने आगे कहा कि केला बगान में केला पक गया है। इसकी रखवाली करना आप सबों की जिम्मेदारी है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग आज कोर्ट के इस फैसले पर सवाल उठा रहे हैं, उनका ही बनाया हुआ कानून है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जनप्रतिनिधियों के सजा होने के बाद पद जाने का कानून सांसद में पारित किया था। आज यही लोग इस पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। आजसू ने सिल्ली विधानसभा से विकास की लंबी लकीर खिंची। इसके बाद हम लोगों ने इसे रामगढ़ में लागू किया। नतीजा यह हुआ कि रामगढ़ को एक नंबर में लाकर खड़ा कर दिया। महिला इंजीनियरिंग कॉलेज, आइटीआइ कॉलेज, जिला निर्माण सहित कई कार्य हुए। लेकिन पिछले तीन सालों में विकास कहीं नहीं हुआ। इसी कमी को पूरा करने के लिए सुनीता चौधरी को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। मौके पर विधायक लंबोदर महतो, नीरू शांति भगत, निर्मला भगत, प्रभारी अशोक कुमार महतो, मुखिया रूपा देवी, मनोरंजन महतो, नव कुमार महतो आदि थे।

# बिहार प्रदेश की भांति जातीय जनगणना हो : ओबीसी मोर्चा

**रांची (आजाद सिपाही)।** ओबीसी मोर्चा की बैठक प्रदेश कार्यालय हरमू में हुई। इसमें जातीय जनगणना, स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय, अनुबंध, आउटसोर्सिंग व्यवस्था को




समाप्त करने की मांग की गयी और आसन्न विधानसभा में उपरोक्त मांग को उठाने की मांग सत्ता एवं विपक्ष के विधायकों से की गयी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि देश और राज्य से समान वेतन के लिए समान काम की व्यवस्था लागू की जाये और अनुबंध आउटसोर्सिंग की व्यवस्था समाप्त की जाये। साथ ही झारखंड राज्य में भी बिहार प्रदेश की भांति जातीय जनगणना हो, जिससे सभी वर्गों को उनका हक मिल मिलेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि ओबीसी वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए वार्षिक बजट में जनसंख्या अनुपात में 52% रकम का प्रधान की जाये, जिससे ओबीसी समुदाय के छात्रों के लिए प्रत्येक जिलों में छात्रावास, वर्ग 1 से लेकर 10 तक छात्रों को छात्रवृत्ति, ओबीसी वर्ग के उच्च शिक्षा के लिए विदेश में पढ़ने के लिए 100 छात्रों का का प्रावधान हो तथा पिछड़ा वर्ग वित्त निगम में पर्याप्त वित्त की व्यवस्था हो जिससे बेरोजगार छात्र, नौजवान लोन लेकर स्वरोजगार कर बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा उमेश जयसवाल प्रदेश महासचिव अजय मेहता कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू राम लखन साहू रामावतार कश्यप आदि उपस्थित थे।

**पूर्व तट रेलवे**

**अप्रैल-2023 के लिए स्क्रैप बिक्री ई-नीलामी कार्यक्रम**

**ई-नीलामी की अनुसूची**

| महीना | मुख्यालय/मण्डल | तिथि | | |
|---|---|---|---|---|
| अप्रैल - 2023 | डिपो मन्चेश्वर | 05.04.2023 | 19.04.2023 | 26.04.2023 |
| | खोरधा रोड मण्डल | 10.04.2023 | 18.04.2023 | 28.04.2023 |
| | वाल्टियर मण्डल | 06.04.2023 | 17.04.2023 | 27.04.2023 |
| | सम्बलपुर मण्डल | 05.04.2023 | 11.04.2023 | 19.04.2023 |

"जैसा है,जहाँ है" के आधार पर सम्बलपुर, खोरधा रोड एवं वाल्टियर मण्डल के कण्डेम्न्ड रोलिंग स्टॉक्स (लोको, कोच, वैगन), स्क्रैप रेल, विविध P.Way फिटिंग्स (स्विचों, क्रॉसिंग्स, फिश प्लेट्स, स्लीपरों, फिश बोल्ट इत्यादि), विविध वार्कशॉप स्क्रैप (ड्रम, बोगी फ्रेम, बफर केसिंग, बफर प्लंगर, टर्निंग एवं बोरिंग इत्यादि), विविध फेरस, नन-फेरस, नन-मेटलिक स्क्रैप, कण्डेम्न्ड मशीनरी एवं प्लांट्स, कण्डेम्न्ड वेईकिल्स, कण्डेम्न्ड ऑफिस इक्विपमेन्ट्स एवं रेलवे विद्युतीकरण की स्क्रैप सामग्री इत्यादि प्रस्तावित नीलामी है। रेलवे प्रशासन इस नीलामी में अन्य सामग्रियों को भी शामिल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है एवं सामग्रियों का संपूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें नीलामी कैटलॉग के आधार पर होगी, जो **पूर्व तट रेलवे** के संबंधित नीलामी प्रचालन प्राधिकारी के कार्यालय से अथवा नीलामी की तारीख के **07(सात)** दिन पहले हमारी वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** में उपलब्ध होगा।

PR-1034/N/22-23
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, भुवनेश्वर

**RANCHI UNIVERSITY, RANCHI**

**VERY SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tender (in two bid system) are invited from the manufacturer or their registered authorized dealers for Supply of laboratory equipments for different Constituent College under Ranchi University Ranchi. The BOQ may be obtained from the University office at a price of Rs 5,000/- (Five Thousand Only) in shape of Bank Draft in favor of **"Registrar, Ranchi University Ranchi"**, payable at **Ranchi** on working days from **25.02.2023** to **04.03.2023** Date of submission of Tender is **04.03.2023** at **12:30 P.M.** and will be opened on the same day at **2.00 PM.** Earnest money of @2% of total quoted amount should be deposited with tender in shape of Demand Draft of any Nationalized Bank in favor of **Registrar, Ranchi University Ranchi** payable at **Ranchi.**

**By order of the Vice Chancellor**
**Sd/-**
Ref. No. : PL/377-79/23 **Registrar**
Dated : 24.02.2023 **Ranchi University, Ranch**

# खुशहाल और समृद्ध रामगढ़ के सपने को सच करना है : सुनीता चौधरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने जनसंपर्क किया। मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा कि रामगढ़ मेरा घर और जिले के प्रत्येक निवासी मेरे परिवार के सदस्य हैं। अगर मेरे रामगढ़ परिवार के सदस्यों ने इस बार मुझे घर की जिम्मेदारी उठाने का मौका दिया तो मैं पूर्ण प्रयास करूंगी की परिवार की जिम्मेदारी मैं अच्छे से उठाऊं। उन्होने कहा कि रामगढ़ की खुशहाली और पहचान को वापस लाना है। मौके पर ग्रामीणों ने सुनीता चौधरी के प्रति आस्था प्रकट की। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान उन्होने कहा कि रामगढ़ में आने वाले बदलाव की अनुभूति होने लगी है। आम जनता हर नुक्कड़ और चौक पर जिस तरह खुल कर अपनी बात रखी। उससे साफ है कि आप में से अधिकतर लोग पिछले तीन वर्षों में ठगे हुए महसूस कर रहे हैं। जनता का विश्वास जीतना मुश्किल काम है पर उसे खोना आसान। आज जितनी कोशिश हम आपका विश्वास जीतने के लिये कर रहे हैं, मेरा वादा है की आगे उसके सम्मान में हम और भी ज्यादा गंभीर रहेंगे। मौके पर आजसू एवं भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# महागठबंधन में कांग्रेस और जेएमएम चोर-चोर मौसेरे भाई की भूमिका में हैं : दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रामगढ़ पहुंचकर उपचुनाव में जनसंपर्क और बुद्धिजियों के संग बैठक कर एनडीए प्रत्यासी सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने रामगढ़ के शिक्षाविदों एवं अन्य बुद्धिजीवियों के साथ हुए एक सम्मेलन में कहा कि पिछले तीन सालों से झारखंड में सुरक्षा के साथ शिक्षा की स्थिति भी बदतर हुई है। उन्होंने बताया की महागठबंधन में कांग्रेस और जेएमएम दोनों चोर चोर मौसेरे भाई की भूमिका में हैं। जिन्हे



जनता की जरूरतों से कोई लेना देना नहीं वो सिर्फ झारखंड के खनिज संसाधनों को लूटने के लिए ही झूठ बोलकर सत्ता पर काबिज हुए हैं।

सम्मेलन के बाद श्री प्रकाश ने दामोदर पुल से लेकर थाना चौक तक के सभी दुकानों और ठेले खोमचों वालों को पत्रक सौंपते हुए सभी से एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के साथ उपचुनाव प्रभारी, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रो.आदित्य साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, धनबाद विधायक राज सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह, प्रकाश मिश्रा, माथुर प्रसाद, भारत यादव, प्रो.आलोक सिंह, भाजुमो झारखंड के अमित कुमार, मिडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, सोशल मीडिया संतोष शर्मा, आईटी प्रभारी प्रवीण सोनू इत्यादि लोगो ने हिस्सा लिया।

**JHARKHAND STATE FOOD AND CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED**
**JSFC BHAWAN, KADRU MAIN ROAD, RANCHI-834002**

**CORRIGENDUM NOTICE**

Letter No. : 815 Date: 24-02-2023

Corrigendum notice regarding "INVITATION OF Re-TENDER FOR PROVIDING TRANSPORTATION AND HANDLING SERVICES TO THE JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED IN DISTRICT RANCHI OF JHARKHAND (2022-2024) UNDER REVERSE AUCTION PLATFORM OF C1 INDIA PRIVATE LIMITED." regarding with reference to advertisement and Tender Ref No. 318, dated 21.01.2023.

**Date of Extension:**

Earnest Money Deposit End Date : 01.03.2023 at 5:00 P.M.
Bid Submission End Date : 01.03.2023 at 6:00 P.M.

Term and condition of the re-tender document to be published on the website of department, JSF&CSCL and C1 India Pvt. Ltd. Interested applicants are requested to check the website of the department (http://jharkhand.gov.in), JSF&CSCL (https://sfcjharkhand.in) or C1 India Private Ltd (http://jharkhand.eproc.in)

Sd./-
Managing Director
(JSF&CSCL)

ज्ञापांक-07/रा.खा.नि./खाद्यान्न/07/2022-816, रांची, दिनांक : 24.02.2023

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1. **ई.–निविदा सं.: 204-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा. मं अभि./बरकाकाना के अधीन बरकाकाना–सिधवार एवं सांकी–टाटीसिलवे सेक्शन के लिए सुधार एवं अत्यावश्यक मरम्मत कार्य। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 2,90,90,810.94
2. **ई.–निविदा सं.: 205-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** वरीय मंडल अभियंता (2) के क्षेत्राधिकार अधीन वेल्डिंग पोर्सन की आपूर्ति और एलुमिनो थर्मिट एसकेवी विधि द्वारा रेल जोड़ों का वेल्डिंग के साथ निरिक्षण, टूल्स एवं प्लांट्स और कनज्यूमेबलस आदि। **06 (छ:) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 1,65,91,334.00
3. **ई.–निविदा सं.: 206-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** व.अनु.अभि./रेल पथ/कोडरमा के क्षेत्राधिकार अधीन कोडरमा–महेशमुंडा सेक्शन में ट्रैक मेंटेनेंस कार्य जैसे कि ड्रेसिंग, बॉक्सिंग, लिफ्टिंग, पैकिंग, शैलो स्क्रिनिंग एवं अन्य विभिन्न रेल पथ कार्य। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 96,29,129.77
4. **ई.–निविदा सं.: 207-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** व.अनु.अभि./रेल पथ/हजारीबाग टाउन के क्षेत्राधिकार अधीन कटकमसांडी (कि.मी. 48.6 से) अरिगडा सेक्शन तक में ट्रैक मेंटेनेंस कार्य जैसे कि ड्रेसिंग, बॉक्सिंग, लिफ्टिंग, पैकिंग, शैलो स्क्रिनिंग एवं अन्य विभिन्न रेल पथ कार्य। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 96,69,405.41
5. **ई.–निविदा सं.: 208-DHN-2022-23, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** व.अनु.अभि./रेल पथ/ कोडरमा के क्षेत्राधिकार अधीन कोडरमा–कटकमसांडी (कि.मी. 48.6 तक) सेक्शन में ट्रैक मेंटनेंस कार्य जैसे की डेसिंग, बॉक्सिंग, लिफ्टिंग, पैकिंग, शैलो स्क्रिनिंग एवं अन्य विभिन्न रेल पथ कार्य। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 88,37,195.80

**ब्याने की राशि (रु. में):** ब्याने की राशि **http://www.ireps.gov.in** पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 20.03.2023 को 17:00 बजे तक, ई–निविदा खुलने की तारीख 21.03.2023 को 12:00 बजे से। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/02203/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/22–23/68

**AFFIDAVIT**

I, Nisha Sinha wife of Dhiraj Kumar, Resident of Shivpur, Arrah, Bhojpur, Bihar - 802301, at present Lajpat Nagar, Pundag, Ranchi Jharkhand 834004. do hereby solemnly affirm and declare That in my Aadhar No. 6412 8712 2825 my name is written as Nisha Sinha and Date of birth is 01/01/1989. That in Permanent Account Number EIEPS8466Q my name is written as SINHA NISHA. That in Secondary School Examination 2001 of B.S.E.B., Patna my name is written as Kumari Nisha Sinha and Date of Birth is 30/01/1987. After this affidavit my correct name is Nisha Sinha and my actual and correct date of birth is 30/01/1987 for all purposes. Vide Affidavit No. 1485, dated-22.02.2023.

**नाम परिवर्तन**

शपथ पत्र संख्या 39690 दिनांक 22.02.2023 के अनुसार मैं, **सरस्वती देवी**, पति - श्री गणेश मुंडा, उम्र लगभग - 32 वर्ष, धर्म- हिन्दू, पेशा- गृहिणी, राष्ट्रीयता-भारतीय, निवास स्थान ग्राम- हेसातु, भदरभंगा, शिव मंदिर के पास पो.- सिकिदिरी, थाना- सिकिदिरी जिला-रांची (झारखंड), वर्तमान पता ग्राम-कुजू कोलियरी पो.- कुजू, थाना-मांडू, जिला-रामगढ़ (झारखंड) शपथपूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूं कि :-

1. यह कि, मैं बैंक ऑफ इंडिया शाखा - सिकिदिरी में मेरा बचत खाता है जिसमें मेरा वास्तविक एवं सही नाम **सरस्वती देवी** दर्ज है जिसका खाता संख्या-494710510012378 है।
2. यह कि, मेरे मैट्रिक के शिक्षण प्रमाण पत्र में मेरा नाम **सरस्वती कुमारी** एवं सही जन्म तिथि - 06/06/1991 दर्ज है।
3. यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा पुकारू नाम **संजू देवी** दर्ज हो गया है, जिसका आधार संख्या-3308 4612 6777 है, जिसमें मेरा जन्म तिथि- 06/06/1989 है।
4. यह कि, **सरस्वती देवी, सरस्वती कुमारी** एवं **संजू देवी** तीनों नाम एक ही महिला का है जो मैं स्वयं हूं।
5. यह कि, यह शपथ पत्र आधार कार्ड में मेरा पुकारू नाम संजू देवी के स्थान पर सही नाम **सरस्वती देवी** दर्ज करने तथा जन्म तिथि-06/06/1989 के स्थान पर सही जन्म तिथि - 06/06/1991 दर्ज करने हेतु निष्पादित कर रही हूं।

# सीएमपीडीआइ को एनडीटी के लिए एनएबीएल ने मान्यता दी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआइ की नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट (एनडीटी) सेल, इएंडएम इंजीनियरिंग डिविजन का परीक्षण और कैलिब्रेशन लेबोरेटोरीज (एनएबीएल) के लिए नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड द्वारा मूल्यांकन के बाद मान्यता प्रदान किया गया है। इसके तहत अल्ट्रासोनिक परीक्षण, खानों में प्रयुक्त विभिन्न उपकरणों की अल्ट्रासोनिक थिकनेस मेजरमेंट एवं स्टील वायर रोप्स नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट का मानक आइएसओ/आइइसी परीक्षण और कैलिब्रेशन की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताएं के अनुसार मान्यता प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ है। सीएमपीडीआइ ने चालू



वित्त वर्ष 2022-23 में स्टील वायर रोप्स के नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट के लिए मान्यता हासिल किया और अन्य तीन मापदंडों के संबंध में सीएमपीडीआइ को 2019 से मान्यता प्राप्त थी और अब इसे नवीनीकृत किया गया है। एनएबीएल मान्यता परीक्षण में सीएमपीडीआइ की क्षमता स्थापित/सिद्ध करती है और सीएमपीडीआई द्वारा प्रदान की जाने वाली रिपोर्ट/कैलिब्रेशन सेवाओं के संबंध में ग्राहकों के बीच विश्वास व विश्वसनीयता भी बढ़ाती है। नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्ट (एनडीटी) भूमिगत एवं खुली कोयला खदानों एवं अन्य उद्योगों में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों और मशीनरी में दोषों, जोड़ों व रिसाव की पहचान करने अथवा पता लगाने के लिए किया जाता है तथा विफलता के चलते दुर्घटनाओं का कारणों और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किया जाता है। एनडीटी सुरक्षा की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परीक्षण है क्योंकि यह परीक्षण का एक सुरक्षित और विश्वसनीय तरीका प्रदान करता है। डीजीएमएस नियमों के अनुसार एनडीटी भी एक वैधानिक आवश्यकता है।

# बजरंग महतो 20 हजार से अधिक मतों से विजयी होंगे: रामेश्वर उरांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो 20 हजार से अधिक मतों से विजयी होंगे। रामगढ़ के दुलमी प्रखंड, कूल्ही चौक, बोंगा सॉरी में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार ने तीन साल में जो काम किया है, वह बेमिसाल है। ममता देवी की ममता और इंसाफ का चुनाव है। इस



चुनाव में भी चार उपचुनाव की तरह ही परिणाम मिलेंगे। रामेश्वर उरांव ने कहा कि रामगढ़ की जनता पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी और सरकार के प्रगतिशील कार्यों पर अपनी मुहर लगायेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकास की नयी ऊंचाइयों को हासिल किया है और लोगों की जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किये हैं। इसके पूर्व रामेश्वर उरांव के रामगढ़ पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
**(Jharkhand Govt. Undertaking)**
**Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712**
**(CIN: U45200JH2002SGC012154)**

**e-Procurement Notice No. 28 / 2022-23**

**Letter No.- CE/3320/195** **Date: 24.02.2023**

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT28/ 2022-23 | Construction of SSP Office Building at Jamshedpur in the district of East Singhbhum | 85093065.00 | 10000.00 | 851000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 2 | JPHCL/ GR02/ NIT28/ 2022-23 | Construction of 225 Bedded Barrack at SIRB- 01, Dumka in the district of Dumka | 53793616.00 | 10000.00 | 538000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 3 | JPHCL/ GR03/ NIT28/ 2022-23 | Construction of Boundary Wall (2075 Mtr.), Gate (2 Nos.) with Guard Room and Watch Tower (2 Nos.) at SIRB-01, Dumka in the district of Dumka | 36251082.00 | 10000.00 | 363000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 4 | JPHCL/ GR04/ NIT28/ 2022-23 | Construction of G+2 Reserve Office at SIRB-01, Dumka in the district of Dumka | 28943234.00 | 10000.00 | 290000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 5 | JPHCL/ GR05/ NIT28/ 2022-23 | Installation/Integration of Data Centre in SIB Building at PHQ Dhurwa in the district of Ranchi | 33352420.00 | 10000.00 | 334000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 6 | JPHCL/ GR06/ NIT28/ 2022-23 | Repair Work of Paricharak Residence and Parishashak Residence (G+1) at JAP 10, Hotwar Ranchi | 6103985.00 | 10000.00 | 123000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 7 | JPHCL/ GR07/ NIT28/ 2022-23 | Repair Work of Dog Kennel and Boundary Wall, Two Nos Dog Kennel with Veterinary Doctor Office and Dog Nirikshak Residence at JAP 10, Hotwar Ranchi | 4319923.00 | 5000.00 | 87000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 8 | JPHCL/ GR08/ NIT28/ 2022-23 | Repair work of CIAT School (Part 1) at JAPTC, Padma in the district of Hazaribag | 8141541.00 | 10000.00 | 163000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 03.03.2023 at 11:00 AM to 16.03.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 16.03.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 17.03.2023. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 20.03.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**

# यूक्रेन में और तेज होगा युद्ध

यूक्रेन युद्ध शुरू हुए आज एक साल हो गया और अब भी इसके समाप्त होने के कोई स्पष्ट संकेत नजर नहीं आ रहे। न तो दोनों में से कोई पक्ष जीतने की स्थिति में दिख रहा है और न हार स्वीकारने की मनःस्थिति में। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की अमेरिका और यूरोपीय देशों से अधिकाधिक हथियार मंगाने की कोशिशों में लगे हैं, तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी अचानक कीव पहुंच कर यह साफ संकेत दिया कि उनका यूक्रेन की मदद से पीछे हटने का कोई इरादा नहीं है। दूसरी तरफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन भी इस बात का खास ध्यान रख रहे हैं कि इस मसले पर उनकी आक्रामकता में कोई कमी न आये। चीन का रूस के और निकट दिखना और उसे हथियार सप्लाई करने की संभावनाओं का खंडन न करना भी इस धारणा को मजबूती देता है कि आने वाले दिनों में युद्ध और तेज होने जा रहा है, लेकिन इसके साथ ही यह भी साफ है कि युद्ध न केवल यूक्रेन और रूस के लिए बल्कि विभिन्न यूरोपीय देशों के साथ-साथ ग्लोबल इकॉनमी के लिए भी कठिनाइयां बढ़ाता जा रहा है। इसलिए जहां युद्ध की आंच बढ़ाने वाली घोषणाएं जारी हैं, वहीं शांति कायम करने की बेचैनी भी बढ़ रही है। इस संदर्भ में देखें तो चीन और भारत ये दो देश ऐसे हैं, जो शांति प्रक्रिया शुरू करने और उसे तार्किक परिणति तक पहुंचाने में सर्वाधिक योगदान करने की स्थिति में नजर आते हैं। यही दो प्रमुख देश ऐसे हैं, जिनके यूक्रेन और रूस दोनों से अच्छे रिश्ते रहे हैं और जिन्होंने हमले का समर्थन न करते हुए भी युद्ध के लिए रूस को दोषी बताने से परहेज किया है। इसलिए ये दोनों देश रूस और यूक्रेन में प्रभाव रखते हैं। इनमें भी भारत की स्थिति बेहतर इसलिए नजर आती है कि आने वाले कुछ दिनों, हफ्तों, महीनों के दौरान यह अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का केंद्र बना रहने वाला है। जर्मनी के चांसलर ओलफ शोल्ज इसी सप्ताह भारत दौरे पर आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले हैं। उनके बाद इतालवी पीएम जोर्जिया मेलोनी आने वाली हैं। अगले हफ्ते ही जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक भारत की मेजबानी में होने वाली है, जिसमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन दोनों नयी दिल्ली में होंगे। इन बैठकों का इस्तेमाल शांति समझौते का कोई सर्वमान्य फॉर्म्युला निकालने की कोशिशों के लिए किया जा सकता है। हालांकि जिस तरह से यूक्रेन के चार सीमावर्ती क्षेत्र - दोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जपोरिजिया - रूस के कब्जे में आ चुके हैं, उनके मद्देनजर दोनों पक्षों को मान्य कोई फॉर्म्युला निकलना आसान नहीं दिख रहा। यूक्रेन इसे वापस लेने पर अड़ा है, तो रूस कब्जा बनाये रखने पर, लेकिन कूटनीति की एक विशेषता असंभव को संभव करना भी मानी जाती है।

**यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की अमेरिका और यूरोपीय देशों से अधिकाधिक हथियार मंगाने की कोशिशों में लगे हैं, तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी अचानक कीव पहुंच कर यह साफ संकेत दिया कि उनका यूक्रेन की मदद से पीछे हटने का कोई इरादा नहीं है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पूरे विश्व में मातृभाषा की महत्ता और उसकी अस्मिता को स्थापित करने के लिए यूनेस्को ने 21 फरवरी 1999 को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा की, तब से प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा गौरव दिवस का आयोजन होने लगा। प्रत्येक मानव के जीवन में तीन मकार का महत्व असंदिग्ध है-माता, मातृभाषा और मातृभूमि। नीति कहती है कि जिस जाति या राष्ट्र ने इन तीनों का समुचित समादर नहीं किया, उसका पतन अवश्यसंभावी है और जिस जाति ने इन तीनों का सम्मान किया, उसकी उन्नति भी सुनिश्चित है।**

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का महत्व



डॉ तपन कुमार शांडिल्य



**हिंदी भारत की आत्मा है। यह भारतीय अस्मिता की संरक्षिका है। यह भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता, नैतिक चिंतन-मनन,सार्वभौमिक दर्शन तथा ज्ञान विज्ञान की अभिव्यक्ति और सर्जना का माध्यम भी है, तभी तो राष्ट्र कवि दिनकर ने इसे 'हृदय की वाणी' कहा है। हिंदी भारतवर्ष के हृदय की वाणी है।**

किसी देश की अस्मिता की पहचान वहां की भाषा, साहित्य और संस्कृति से होती है। भाषा रहित राष्ट्र या समुदाय की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जिस प्रकार किसी भी देश की भौगोलिक सीमाएं उसे आकार प्रदान करती हैं, उसी प्रकार धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक परंपराओं में उस देश की आत्मा बोलती है और उस आत्मा को स्वर प्रदान करती है- उसकी अपनी भाषा-मातृभाषा।

पूरे विश्व में मातृभाषा की महत्ता और उसकी अस्मिता को स्थापित करने के लिए यूनेस्को ने 21 फरवरी 1999 को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा की, तब से प्रत्येक वर्ष पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा गौरव दिवस का आयोजन होने लगा। प्रत्येक मानव के जीवन में तीन मकार का महत्व असंदिग्ध है-माता, मातृभाषा और मातृभूमि। नीति कहती है कि जिस जाति या राष्ट्र ने इन तीनों का समुचित समादर नहीं किया,उसका पतन अवश्यसंभावी है और जिस जाति ने इन तीनों का सम्मान किया, उसकी उन्नति भी सुनिश्चित है। किसी कवि ने ठीक ही कहा है किः-

**हिंदी भारत की आत्मा है। यह भारतीय अस्मिता की संरक्षिका है।**

जिसे देश की याद आती नहीं है,
जिसे जन्म की भूमि भाती नहीं है।
जिसे मातृभाषा आती नहीं है,
कृतघ्नी भला कौन ऐसा मिलेगा,
उसे देख जी क्या किसी का खिलेगा!

मातृभाषा जिसे मनुष्य जन्म से अपनी मां की गोद में सीखता है, पिता के प्यार में सीखता है, दादा के दुलार में सीखता है, लेकिन इसे मातृभाषा इसलिए कहते हैं कि बालक के जीवन में पिता और दादा से 10 गुणा ज्यादा महत्व माता का है। मां अपने बच्चे को तोतली मीठी बोली में सब कुछ बोलना सिखा देती है, नहीं खाने पर लोरी गा गाकर चांद को कठोरे में उतार कर खिला देती हैः-

चंदा मामा दूर के,
पूआ पकावे गूर के।
अपने खाए थाली में,
बाबू को दे प्याली मे।
बाबू के मुंह में घुटुक।

या लोरी गाती हैः-

चंदा मामा आरे आव,वारे आव नदिया किनारे आव,
बाबू के मुंह में घुटुक।

यह मातृभाषा की ताकत और क्षमता है जो कुछ भी बोलवा सकती है और क्राति ला सकती है। यही कारण है कि 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह प्रावधान किया गया है कि बच्चों को पांचवीं तक की शिक्षा अनिवार्यतः उसकी मातृभाषा में दी जाए, क्योंकि मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बच्चों में अपनी मातृभाषा में अधिगम की क्षमता अधिक होती है। भारत की परिकल्पना मां के रूप मे की गई हैऔर भारत माता की मातृभाषा हिंदी है। हम भारत मां की संतान है, अतः हमारी मातृभाषा भी हिंदी है।जिस समय हम गुलामी की जंजीरों में जकड़े हुए थे और आजादी के लिए छटपटा रहे थे,तब भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने निज भाषा या मातृभाषा के प्रति लोगों के हृदय में प्रेम जगाने हेतु अपनी मातृभाषा के प्रयोग पर बल दिया था।

मातृभाषा में वह क्षमता होती है जो हमें आत्मबल प्रदान करके गौरव से सिर ऊंचा उठाने का हौसला प्रदान करती है। भारतेंदु हरिश्चंद्र की निम्न काव्य पंक्तियां मातृभाषा के प्रति प्रेम को दशार्ती हैं और स्वतंत्रता प्राप्ति का आवश्यक और अनिवार्य औजार सिद्ध करती हैंः-

निज भाषा उन्नति अहै,
सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के
मिटत न हिय को शूल।

आजादी की लड़ाई में इनकी लेखनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और जन-मन के हृदय में भाषा और राष्ट्र के प्रति नव जागरण का संचार किया।

हिंदी भारत की आत्मा है। यह भारतीय अस्मिता की संरक्षिका है। यह भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता, नैतिक चिंतन-मनन,सार्वभौमिक दर्शन तथा ज्ञान विज्ञान की अभिव्यक्ति और सर्जना का माध्यम भी है, तभी तो राष्ट्र कवि दिनकर ने इसे 'हृदय की वाणी' कहा है। हिंदी भारतवर्ष के हृदय की वाणी है। इसीलिए किसी कवि ने ठीक ही कहा हैः-

मातृभाषा बिन व्यर्थ है,
दुनिया का सब ज्ञान।
भारत मां की बोली हिंदी,
करो इसका सम्मान।

हमें अपनी मातृभाषा हिंदी पर गर्व क्यों न हो? यह सदियों से साहित्य, संस्कृति, धर्म अध्यात्म की संवाहिका रही है। हिंदी ही वह भाषा है जिसमें महापुरुषों की वाणी एवं सद्विचारों की अजस्त्र निर्मल धार युग-युगों से सतत् प्रवहमान है। यह वह संजीवनी है, जो जनमानस को सजग एवं सचेत करने का काम करती है।

भारतवर्ष में हिंदी एक ऐसी भाषा है, जिसमें यहां की संस्कृति सन्निहित है। हिंदी पर हमें गर्व करने के अनेक कारण हैं। यह अपनी प्राण क्षमता के कारण ही आज तक सिर्फ जीवित ही नहीं है वरन पूरे विश्व में अपने अस्तित्व का परचम लहरा रही हैः-

संस्कृति को इक हार के रूप में जोड़ सके वो कड़ी है ये हिंदी।
लेके सहारा चले अन्हारा,उस अंधे के हाथ छड़ी है ये हिंदी।
जीवन दान मिले जिससे विष मार सके वो जड़ी है ये हिंदी।
प्यार से भारत माता कहें, कि सुनो हमसे भी बड़ी है ये हिंदी।

**(लेखक : कुलपति, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जमशेदपुर में खुला अपोलो का सूचना केंद्र विशेषज्ञ करेंगे जरूरतमंद लोगों का इलाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के लोगो अपोलो की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुक्रवार को भालुवासा स्थित शौर्या मेडिकल में अपोलो सूचना केंद्र का शुभारंभ किया गया। मौके पर अपोलो के डॉक्टर डॉ सेंथिल शामिल रहे। शहर में विशेषज्ञ के द्वारा शहर के लोगो अब बेहतर इलाज के लिए बाहर जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। शहर में खुले अपोलो सूचना केंद्र में लोगों को अपोलो चेन्नई के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी बेहतर सेवा देंगे। इसकी शुरूआत शहर के भालूबासा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पास की गई। जहां लोग अपनी जांच कराने पहुच रहे है। मौके पर मौजूद अपोलो चेन्नई से आये लीवर विशेषज्ञ डॉ सेंथिल ने बताया अब लोग जमशेदपुर के अपोलो सेंटर में आकर इलाज करवा सकते है। हर महीने यहां अपोलो चेन्नई के विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद रहेंगे। जरूरत के अनुसार मरीज का इलाज किया जाएगा। डॉ मिलने के लिए भालुवासा अपोलो सूचना केंद्र में संपर्क कर सकते या इस 8797559755 पर कॉल कर सकते। उन्होंने बताया यहां अपोलो के डॉक्टर वर्चूअल तरीके से भी परामर्श दे सकते है। अगर लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की भी जरुरत पड़े तो वे भर्ती होकर अपना इलाज करवा सकते है। डॉ सेंथिल ने बताया आज के समय में सही खानपान नहीं होने पर लीवर खराब होने की बीमारी ज्यादा हो रहा है। सही समय पर इलाज नहीं होने पर लीवर को बदलने की भी अवश्यकता पड़ती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए यह सूचना केंद्र शुरू किया गया। ताकि लोगों का इलाज सही समय पर हो सके और लीवर को बदलने की जरुरत ना पड़े। उन्होंने बताया सूचना केंद्र में सभी बीमारियों से जुड़े विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। मौके पर सौरव मुखर्जी व अन्य शामिल रहे।

# लव जिहाद : पहचान छिपा कर लड़की को फंसाया और अब कर रहा ब्लैकमेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** लव जिहाद का एक सनसनीखेज मामला झारखंड के जमशेदपुर से आ रहा है, जहां लोगों ने प्रदर्शन कर शब्बीर खान नाम के अरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। जमशेदपुर के कदमा में स्थित एक स्कूल में पढ़नेवाली 14 वर्षीय नाबालिग लड़की ने एक युवक पर आरोप लगाया है कि एक माह पहले उसकी दोस्ती स्कूल के बाहर से आनेवाले एक लड़के से हुई। उसने उस वक्त अपना नाम समीर बताया था। दोस्ती प्रेम में बदल गयी और मुलाकातों के दौरान उक्त लड़के ने लड़की के साथ कई अंतरंग तस्वीरें खींच ली। मामला सामने आने के बाद हिंदू संगठनों ने गुरुवार को कदमा पुलिस थाने का घेराव किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने शब्बीर खान नामक आरोपी की गिरफ्तारी और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले में एफआइआर दर्ज कर ली है और जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है। पीड़िता की शिकायत है कि हाल ही में हुई दोस्ती और मुलाकातों के बाद उसने खुलासा करते हुए अपना असली नाम शब्बीर खान बताया और इसके बाद उस पर शादी के लिए दबाव बनाने लगा। शादी के लिए मना करने पर वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। लड़की का कहना है कि आरोपी शब्बीर चाहता है कि वह धर्म परिवर्तन कर उसके साथ निकाह कर ले। डरी हुई लड़की ने हिम्मत करके जब घर वालों को इस बात की सूचना दी तों मामला सामने आया। इसके बाद हिंदू संगठनों ने इस मामले को लेकर थाना का घेराव किया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इधर लड़की की शिकायत पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर लिया है। वहीं प्रदर्शन कर रहे लोगों में जमशेदपुर के बीजेपी नेता अभय सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने थाना परिसर में ही जय श्री राम के नारे लगाये। अभय सिंह ने मामले को लव जिहाद का बताते हुए थाना प्रभारी से मांग की है कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई की जाये। मालूम हो कि पिछले कई महीनों में लव जिहाद के अनेक मामले सामने आये हैं, जिनमें राज्य में दुमका की अंकिता सिंह को जिंदा जला डालने से लेकर साहिबगंज की रेबिका पहाड़िया हत्याकांड तक की घटना घटी।

# छत्तीसगढ़ी समाज का महासम्मेलन 26 फरवरी को, विशाल जनसभा होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ी समाज के द्वारा 26 फरवरी को महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सोनारी में प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी गयी। मौके पर नीरज सिंह ने बताया सम्मेलन की तैयारी को लेकर छत्तीसगढ़ी समाज के लोगों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अपना अधिकार पाना है। जमशेदपुर में 120 वर्ष से रह रहे छत्तीसगढ़ी समाज के लोग सरकारी सुविधा से वंचित है। अभी समाज के लोगों ने एलान किया है सरकार से मिलने वाली सुविधा हमें मिलनी चाहिए। साथ ही आवासीय प्रमाण पत्र व स्थानीय प्रमाण पत्र का सरकार निर्गत करें। हालांकि समाज के लोग ज्यादातर टाटा लीज की जमीन पर रहते हैं। इनके पास खतियान नहीं है। उन्होंने कहा ऐसे में समाज के लोग क्या झारखंड के वासी नहीं है। जिन लोगों ने 120 वर्ष कई पीढ़ी झारखंड में बिताया, जमशेदपुर में रहकर राज्य को राजस्व दी क्या ऐसे समाज के लोगों को उनका अधिकार नहीं मिलना चाहिए। यह सवाल छत्तीसगढ़ी समाज के लोगों ने की हैं। उन्होंने बताया 26 फरवरी के दिन विशाल सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 10 हजार से ज्यादा जमशेदपुर के छत्तीसगढ़ी समाज के लोग शामिल होकर अपने अधिकार को लेकर रणनीति बनायेगी।

# साकची में छापामारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में बरामद की नकली फेवीक्विक, जांच के लिए भेजा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** साकची बाजार में पुलिस ने छापामारी कर भारी मात्रा में नकली फेवीक्विक बरामद की है। पुलिस ने कंपनी के अधिकारियों के साथ शुक्रवार की शाम साकची बाजार में छापामारी की और नकली फेवीक्विक बरामद की। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कंपनी के अधिकारियों को पता चला था कि साकची बाजार में नकली फेवीक्विक बेची जा रही है। इसी के बाद पुलिस से शिकायत की गयी और पुलिस ने छापामारी की। इसमें 500 से अधिक फेवीक्विक के पैकेट बरामद हुए हैं। फेवीक्विक को जांच के लिए भेज दिया गया है।

# मानगो, डिमना रोड पर चलती ट्रेलर से स्टील शीट रोल सड़क पर गिरा, मची अफरा-तफरी

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो के डिमना चौक पर शुक्रवार की शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब चलती ट्रेलर से स्टील शीट रोल सड़क पर गिर पड़ी। सीट ट्रेलर के पीछे चल रहे पिकअप वैन की बोनट पर गिर कर बगल से गुजर रहे बाइक से जा टकरायी। इससे पिकअप वैन का बोनट और बाइक का अगला चक्का क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। इस मौके पर भीड़ जमा हो गइयी। लोगों ने ट्रेलर को रुकवाया और उसके चालक की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान काफी हंगामा मचा रहा। बाद में घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। इसके बाद ट्रेलर पर स्टील शीट को लादा गया और फिर ट्रेलर आगे बढ़ा।

# जुस्को सेवानिवृत्त कर्मियों का पारिवारिक मिलन समारोह धूमधाम से मना, पांच महिलाएं पुरस्कृत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जुस्को टाउन इलेक्ट्रिकल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का आज बारीडीह स्थित विजया गार्डन क्लब हाउस में जुस्को (टीइ) सेवानिवृत्त मित्र मंडली के बैनर तले पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चूंकि यह पहला प्रयास था बावजूद इसके काफी संख्या में कंपनी से सेवानिवृत्त व्यक्तियों ने उपस्थिति देकर कार्यक्रम की सराहना की। सेवानिवृत मित्र मंडली के द्वारा नारी शक्ति के रूप में पांच महिलाओं को पुरस्कृत किया। वहीं दूसरी ओर सबसे वयोवृद्ध व्यक्ति के रूप में एसके सरकार का सम्मान यू लहरी ने पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति वर्ष में कम से कम 2 बार आपस में सार्वजनिक मेलजोल का कार्यक्रम करने पर सहमति जतायी। संगठन के एक वरिष्ठ सदस्य ने सुझाव के आलोक में हर एक सेवानिवृत्त व्यक्ति को संस्था से जुड़ने का संकल्प लिया है, वह चाहे शहर से बाहर हो या शहर के अंदर। संगठन ने रचनात्मक कार्य करने की भी सहमति जतायी। कार्यक्रम में सीके विश्वास, यू लहरी, यूके पांडे, दिनेश्वर सिंह, देवासीश मित्रा, एसके शर्मा, आरएन शर्मा, एनएम चौधरी, आरएन बियुरा, वाईपी सिंह, वीरेंद्र तिवारी, यूके बोस, द्वारिका प्रसाद, पंडित पांडे, राधे कृष्ण पोद्दार, ओम कांत चौरसिया, रामानंद शर्मा, महेंद्र सिंह, एके सूर, राम अयोध्या, आरसीपी यादव, बीपी शर्मा, अनिल कुमार सिन्हा, एके पांडे, एसएस भगवान, आरपी सिंह सहित और कई सदस्य मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में सीएस और डीएस के साथ हुई मारपीट ने तूल पकड़ा

# चिकित्सा सेवा ठप कर हड़ताल पर बैठे डॉक्टर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय में बीते गुरुवार के दिन झामुमो नेताओं द्वारा सीएस एवं डीएस के साथ मारपीट के मामले में झामुमो समर्थित चार लोगों के विरुद्ध थाने में सीएस तथा अन्य चिकित्सा पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। इधर मारपीट के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, गढ़वा एवं झासा के आह्वान पर सदर अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में भी चिक्तसीय कार्य ठप रहे। चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा सदर थाना में दिये गये आवेदन के अनुसार उक्त झामुमो नेताओं के द्वारा तीन साल के कार्य की समीक्षा रिपोर्ट मांगते हुए सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह और उपाधीक्षक अवधेश कुमार सिंह एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के साथ अभद्र व्यवहार धक्का-मुक्की ,गाली गलौज तथा जान से मारने की कोशिश एवं मॉब लिंचिंग की कोशिश करने की घटना को अंजाम दिए जाने का आरोप लगाया है। उक्त घटना को लेकर शुक्रवार को सदर अस्पताल, निजी क्लीनिक की स्वास्थ्य सुविधा पूरी तरह से बंद रही। सभी चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी सिविल सर्जन व उपाधीक्षक के साथ सदर अस्पताल के मेन गेट के समक्ष ओपीडी बंद कर काला बिल्ला लगा कर धरना पर बैठे रहे।

मौके पर सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बीते गुरुवार के दिन सदर अस्पताल स्थित उनके सभागार में वर्तमान सरकार के 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू एवम झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम आये। उनके द्वारा पिछले तीन वर्षों में जिला अस्पताल में किये गये खरीदारी एवं कार्यों का ब्यौरा मांगा गया। जिसके उत्तर में कहा गया कि सभी दस्तावेज उपलब्ध है। और जरूरत होने पर आप उसे देख सकते हैं। उसके बाद भी 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग कंचन साहू ने डेड बॉडी के लिए एंबुलेंस सेवा सही समय पर नहीं उपलब्ध कराये जाने का आरोप लगाते हुए। उपाधीक्षक को बुलाने की बात कही। जिसे बुलाने के बाद उनके द्वारा यह बताया गया कि वाहन उपलब्ध कराये जाने से पहले कानूनी प्रक्रिया की जाती है। उसके बिना वाहन नहीं दिया जाता है। जिस बात को लेकर कंचन साहू ने तेज आवाज में अभद्र व्यवहार के साथ कहा कि मैं मंत्री का प्रतिनिधि हूं। और मुझे इनकार करने का मतलब है की मंत्री जी को इंकार कर रहे हैं। ऐसा करने से मेरी इज्जत जा सकता है। तो उपाधीक्षक के द्वारा कहा गया कि मैं मंत्री जी का पूरा सम्मान करता हूं। परंतु आप व्यक्तिगत स्तर पर मुंह से गैर कानूनी कार्य नहीं करवा सकते। इसके बाद कंचन साहू जिला अध्यक्ष तनवीर आलम एवं 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह द्वारा और भी अन्य आरोप लगाते हुए अपने पद का रोब दिखाकर उनके द्वारा अभद्र व्यवहार एवं गाली गलौज किया जाने लगा। वही बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष के बॉडीगार्ड के द्वारा सभागार के दोनों द्वार को बंद कर अध्यक्ष एवं 20 सूत्री के उपाध्यक्ष एवं उनके साथ आये अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा घंटों तक अपने कब्जे में रूम बंद कर रखा गया। सीएस ने बताया कि जब सभागार में उपाधीक्षक के बचाव के लिए जब उन्होंने कार्यालय के कर्मियों को बुलाया तो उन्हें भी प्रवेश नहीं करने दिया गया। वही उपाधीक्षक का असामाजिक तत्वों ने उनका कॉलर पकड़कर मारपीट किया एवं गला दबाकर जान से मारने की कोशिश करने लगे। किसी तरह उपाधीक्षक वहां से जान बचाकर निकले। पीछे से असामाजिक तत्वों के द्वारा मां बहन के संदर्भ में भी गंदी गंदी गालियां दी गई। वही साक्ष्य को छुपाने के लिए उनके द्वारा सीसीटीवी के फुटेज जिसमें सभागार में हुई घटना की रिकॉर्डिंग थे उसे भी नष्ट किया गया। वही जब इस बात से करने के लिए सी एस ने कहा कि उन्होंने जब मना किया तो आक्रोशित होकर कक्ष में बंदी बनाते हुए लोगों ने गला काटकर जान मार देने की भी धमकी दिया ।उसके बाद अपने एक्सपर्ट व्यक्ति को बुलाकर सारा सीसीटीवी फुटेज को जबरन नष्ट कर दिया।



### सरकार-प्रशासन से सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला सचिव डॉ कुमार निशांत सिंह ने कहां की बृहस्पतिवार की जो भी घटना हुई है। आइएमए इसकी कड़ी निंदा करती है। जो भी इस घटना के दोषी है सरकार-प्रशासन शख्त से शख्त कार्रवाई करें। आज हम सभी चिकित्सक प्रशासन एवं सरकार से सुरक्षा की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं। ओपीडी सेवा सदर अस्पताल की बंद कर दी गई है। इमरजेंसी सेवा सिर्फ चालू है। जबकि वही एसडीओ राज महेश्वरम ने कहा कि कल चिकित्सकों के साथ जो दुर्व्यवहार हुआ है। जिसे लेकर मिली सूचना के बाद डीसी के आदेश पर चिकित्सकों से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे हैं। यहां आने के बाद उनसे सारी घटनाओं के बारे में जानकारी ली। इस मामले की जांच होगी। उसके बाद जैसा निर्देश डीसी का होगा दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर पूर्व सिविल सर्जन एनके रजक , डॉ ज्वाला प्रसाद, डॉ राम विनोद कुमार, डॉ रागिनी अग्रवाल, डॉ अरूण कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ टी पीयूष, डॉ पीयूष प्रमोद, डॉ पी प्रमोद, डॉ महजबी , डॉ माहेरू यामिनी, डॉ अरशद अंसारी, डॉ जियाउल हक सहित सभी चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे। एवं हड़ताल की स्थिति से अवगत होने डीएसपी अवध कुमार यादव अंचला आधिकारी मयंक भूषण भी पहुंचे।

### एफआइआर करने का निर्णय लिया

जिसे लेकर आइएमए एवं झांसा के साथ संयुक्त बैठक कर एफआइआर करने के लिए निर्णय लिया गया। साथ ही गढ़वा उपायुक्त, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव को आवेदन दिया गया। सीएस ने बताया कि पूरे स्वास्थ्य विभाग एवम चिकित्सक चरणबद्ध रूप से धरना पर बैठे हुए हैं। हमें सुरक्षा दिया जाये। ताकि आम जनों को स्वास्थ्य सुविधा दे सके। वही कोई भी इमरजेंसी सेवा बंद नहीं की गई है। धरना में कर्मचारी संघ, आयुष चिकित्सक, डेंटल के सभी चिकित्सक भी हमारे साथ सुरक्षा की मांग को लेकर धरना में एकजुट होकर बैठे हुए हैं।

## तीन दिनों से लापता युवक का शव कुआं से बरामद

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गेरुआडीह गांव का तीन दिनों से लापता युवक का शव गांव के एक कुएं से शुक्रवार को पुलिस ने बरामद किया। इस संबंध में एएसआई संतोष कुमार ने बताया कि मृतक युवक लवकेश कुमार (28) पिता हरिहर राम पिछले तीन दिनों से लापता था। परिजन द्वारा इसकी खोजबीन की गई नहीं मिलने के बाद 3 दिन पूर्व उसकी मां बछिया देवी के द्वारा मेराल थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया गया था। इसी बीच मृतक के घर के थोड़ी ही दूरी पर अवस्थित एक कुएं में युवक का शव तैरता हुआ ग्रामीणों ने देखा। मृतक के चेहरे तथा आंख मुंह पर काटने तथा कीटाणुओं द्वारा मांस को नोचा हुआ था। इसकी सूचना मिलते ही मेराल थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद पंचनामा के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। गांव वालों के अनुसार वह युवक अविवाहित था तथा कुछ दिनों से बीमार चल रहा था।

## फोन पर विवाद के बाद महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गढवा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा चिनिया थाना क्षेत्र के रानपुरा गांव निवासी राजेश साव की पत्नी मंजू देवी 27 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि मंजू देवी और उसके पति के बीच फोन पर किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। जबकि उसका पति प्रदेश में रहकर मजदूरी करता है। फोन पर कहा सुनी होने के बाद उसी बात से उग्र होकर मंजू देवी ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई।

## युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**गढवा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा भंडरिया थाना क्षेत्र के मधगड़ी च गांव निवासी गुदून किसान का पुत्र भादे किसान 50 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि मृतक के भाई की बेटी की शादी थी। जिसमें भादे किसान की पत्नी शादी का कार्य कर रही थी। उसी बीच भादे किसान और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हो गया। उसी बात को लेकर आक्रोश में आकर भादे किसान ने बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## विधायक ने किया फायर ब्रिगेड भवन का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय महदेइया में बनने वाले फायर बिग्रेड भवन का शिलान्यास विधायक भानू प्रताप शाही ने किया। उक्त भवन 5 करोड़ की लागत से बनना है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वे इस निक्कमी सरकार में भी खुद के संघर्ष के बदौलत लगातार विकास योजनाओं को स्वीकृति दिलाने का काम कर रहे है। फायर बिग्रेड बन जाने से आगजनी से होने वाले नुकसान कम होगा। उनका प्रयास क्षेत्र को खुशहाल बनाना है।.कार्यक्रम में विधायक भानु ने हेमंत सरकार द्वारा स्कूल और स्कूल ड्रेस हरा रंग करने पर जमकर हमला बोला। कहा कि स्कूल ड्रेस हरा कर हेमंत सरकर स्कुल को मदरसा बनाना चाहती है। यह पाकिस्तान नही है जहां हरा रंग चलेगा। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव पर भी जमकर हमला बोला। कहा कि विधायक रहते क्षेत्र में कोई काम अनंत प्रताप देव नहीं करा पाये। अब क्षेत्र में मुझे गाली देते चल रहे हैं। लेकिन जनता जबाब देगी। उन्होंने कहा कि अनुमण्डल बनने के बाद इस क्षेत्र का विकास का जो सपना स्व गिरिवर पांडेय ने देखा था उसे आज पूरा कर मै खुद को गौरवान्वित महसूस करता हूं। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी में जेल , कोर्ट, कस्तूरबा, सहित दर्जनों जनउपयोगी कार्यो को करा कर इस क्षेत्र की जनता को सहूलियत देने का मेरा प्रयास किया हूं। जल्द ही सोन एवं कनहर के पानी से यहां के खेतों में हरियाली होगी किसानों को समृद्ध करने के दिशा में यह बड़ा कदम है। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, लक्ष्मण राम, अजय प्रताप देव, राकेश चौबे, मुकेश चौबे,लवली आंनद सहित अन्य लोगो ने संबोधित किया. ।मौके पर मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, भाजयुमो अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, लालमोहन यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रमुख उर्मिला देवी, रविंद्र पासवान, संजय कांस्यकार, अभिषेक चौबे, महमूद आलम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# डेंटल कॉलेज गढ़वा में धूमधाम से संपन्न हुआ 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अंतर्गत नव संचालित बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, फरठिया, गढ़वा के तत्वाधान में 51 जोड़े गरीब परिवार के वर वधु परिणय सूत्र में बंधे। कार्य क्रम के मुख्य अतिथि सुधीर भैया के आशीर्वाद एवं नेतृत्व में परम पूज्य अघोरेश्वर भगवन राम सामूहिक विवाह में सम्मलित सभी 51 बेटियो का सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। सामूहिक विवाह का प्रारंभ अघोरेश्वर भगवान राम के पूजा अर्चना के बाद ९ की गयी। सभी चयनित वर-वधु तथा उनके अभिभावक एवं रिश्तेदार प्रातः बेला से ही विवाह स्थल में उपस्थित हो गए। सभी वधुओं का कन्यादान भैया जी तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस विवाह में वैसे वर एवं वधुओं का चुनाव किया गया है जो शादी तो करना चाहते है पर दहेज देने और विवाह का खर्च उठाने में असमर्थ है वैसे असहाय, गरीब तथा अशक्त बेटियों का विवाह का पूर्ण खर्च वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, गढ़वा द्वारा उठाया गया। सामूहिक विवाह में करीब 4 से 5 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। सभी नवविवाहित वर वधुओं को उपहार स्वरुप मुलभूत आवश्यक सामन भेंट किया गया। जिसमें पलंग, गद्दा, तकिया, कुर्सी, टेबल, साइकिल, बर्तन सेट जिसमे 118 प्रकार के सामान, हाथ घड़ी वर वधु, जूता, चप्पल, वैनिटी बॉक्स, ट्रंक, पंखा, चटाई, साड़ी, शर्ट पेंट, अटैची, बाल्टी, मग, एयर बैग, बक्सा, रजाई, प्रेसर कुकर, राशन ड्रम, दीवाल घड़ी, लेडीज पर्स, आयरन, टी सेट तथा सगुन के तौर पर लिफाफा तथा इत्यादि भेंट स्वरुप सभी नवविवाहित जोड़ो को दिया गया। सामूहिक विवाह में समिति में प्रेरणा परमार्थ प्रयागराज, कानपुर तथा मुंबई से प्रमार्थियो ने सिरकत किया।





### इनकी रही मौजूदगी

इसके अलावा विवाह समिति के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, सचिव पवन कुमार तथा सदस्य रंधीर सिंह, धीरज कुमार सिंह, मृतुन्जय सिंह, कृपा शंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह, प्रवीन कुमार, राकेश कुमार, डॉ अजित कुमार सिन्हा, सुभाष कुमार, मीना सिंह, रामप्रवेश सिंह, उपेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, शंभू राम, डॉ अरविंद सिंह, दिव्य तिरु, मरिअम्मा जकारिया, हरेंद्र सिंह, अजय कुमार, राज सिंह, अलोक सिंह, शिव कुमार ओझा ट्रस्ट के पूर्व प्रशाशनिक पदाधिकारी रविंद्र नाथ सिंह भोपाल से चलकर आये साथ साथ सभी महाविद्यालयों के प्रध्यापकगन, छात्र-छात्राये ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अलख नाथ पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षा अनिता दत्त, कंचन जयसवाल, फरठिया मुखिया सहंसाह आलम, पूर्व मुखिया फरठिया शमसुल होदा, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अमित कुमार सिंह, सदर अस्पताल के डॉ अनूप कुमार सिंह, डॉ विकाश कुमार, प्रयागराज के डॉ अमृत लाल पटेल, डॉ असगर अंसारी, गढ़वा, रास्ट्रीय स्वयं संघ के आशीष वैद्य तथा आस पास गांवो के अन्य सम्मानित वियाक्तियों ने नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया।

# बंशीधर महोत्सव को लेकर सुगबुगाहट तेज



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** बंशीधर महोत्सव को लेकर एक बार फिर सुगबुगाहट तेज हो गई है। जिले के नये डीसी शेखर जमुआर ने श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन करने के पश्चात महोत्सव स्थल एवं निमार्णाधीन सर्किट हाउस का जायजा लिया। यहां बताते चलें कि झारखंड सरकार के द्वारा बंशीधर महोत्सव को बीते वर्ष सितंबर महीने में ही राजकीय महोत्सव घोषित कर दिया गया है। किंतु उसके बाद भी महोत्सव की तारीख तय नहीं हो पायी है। गत आठ दिसंबर को खतियानी जोहार यात्रा के दौरान गढ़वा पहुंचे सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मंच से जल्द ही बंशीधर महोत्सव कराने को लेकर घोषणा की थी। डीसी शेखर जमुआर ने पदभार ग्रहण करने के बाद श्री बंशीधर नगर पहुंच कर महोत्सव स्थल गोसाईबाग मैदान एवं निमार्णाधीन सर्किट हाउस का जायजा लिया। जायजा लेने के बाद डीसी ने बताया की जल्द ही महोत्सव की तिथि की घोषणा की जायेगी। महोत्सव के आयोजन को लेकर विभिन्न तैयारियां चल रही है। कुछ तैयारियां लगभग पूर्ण भी हो चुकी है। जैसे ही सरकार का आदेश प्राप्त होगा उस दिशा में कार्य किया जायेगा।

## डीलर की मनमानी से कार्डधारकों में रोष

**केतार (आजाद सिपाही)।** राशन कार्ड धारकों को कम अनाज न मिले इसको लेकर झारखंड सरकार के द्वारा कई फेरबदल किया गया है। कम अनाज न मिले इसके लिए वेट मशीन एवं पॉश मशीन से कनेक्ट कर पर्ची निकालने के साथ अनाज वितरण करने का अपडेट दिया है। परंतु डीलरों ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। इससे संबंधित कार्य भली-भांति निष्पादन प्रखंड के अधिकतर डीलर कर रहे हैं। ऐसे ही मामला बलिगढ़ पंचायत के डीलर रामबेलास बैठा एवं मुकुंदपुर पंचायत के सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह के डीलर शनिचरी देवी कर रही हैं। विदित है कि मुकुंदपुर पंचायत के वार्ड न.11 प्रभादेवी,वार्ड नं.12 फूलकुमारी देवी ने मंगलवार को तत्कालीन उपायुक्त रमेश घोलप को सैकड़ों लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर अनियमितता की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,
मुख्य अभियंता का कार्यालय, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन,
कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

**निविदा स्थगित संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार के निविदा आमंत्रण संख्या– **238/RI/2022-23/RWD/LATEHAR,** दिनांक– 17.02.2023, **PR NO.- 290607** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/LATEHAR/10/SRPKG-01/2022-23** द्वारा निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291142 Rural Work Department(22-23)D

**प्रथम वाहिनी, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस, राँची**

**–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची के लिए 71वीं अखिल भारतीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता 2023 में भाग लेने वाले झारखण्ड पुलिस के पुरूष/महिला खिलाड़ियों के लिए फुटबॉल खेल सामाग्री, किट्स एवं पोशाक के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 04.03.2023 को निर्धारित की जाती है।

| क्र. | सामग्री | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | ट्रेक शुट (Victor) | 45(पैतालिस) सेट |
| 2. | वार्म अप शू (Victor) | 45(पैतालिस) जोड़ा |
| 3. | फुटबॉल जर्सी | 80(अस्सी) अदद |
| 4. | फुटबॉल निकर | 80(अस्सी) अदद |
| 5. | जिम ब्रा (Victor) | 40(चालीस) अदद |
| 6. | स्लेक्स (Victor) | 40(चालीस) अदद |
| 7. | फुटबॉल हॉज (Victor) | 84(चौरासी) जोड़ा |
| 8. | फुटबॉल बूट (Victor) | 42(बियालीस) जोड़ा |
| 9. | सीन पैड (Victor) | 42(बियालीस) जोड़ा |
| 10. | क्रैप बैण्डेज | 84(चौरासी) अदद |
| 11. | गोलकिपर जर्सी(Victor) | 08(आठ) अदद |
| 12. | गोलकिपर ग्लब्स (Victor) | 04(चार) अदद |
| 13. | फुटबॉल (Victor) | 40(चालीस) अदद |
| 14. | सफेद मोजा | 44(चौवालिस) जोड़ा |
| 15. | टी–शर्ट (Victor | 44(चौवालिस) अदद |
| 16. | लोवर (Victor) | 44(चौवालिस) अदद |
| 17. | कीट बैग छोटा(Victor) | 45(पैतालीस) अदद |
| 18. | कीट बैग बड़ा(Victor) | 45(पैतालीस) अदद |
| 19. | तौलिया (बड़ा) | 45(पैतालीस) अदद |
| 20. | आईस बॉक्स | 02(दो) अदद |
| 21. | ब्लू ब्लेजर (कोट) | 03(तीन) अदद |
| 22. | सफेद फुलपेन्ट | 03(तीन) अदद |
| 23. | मोजा | 01(एक) जोड़ा |
| 24. | टाई | 01(एक) जोड़ा |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता दिनांक 04.03.2023, सुबह 11.00 बजें तक निश्चित रूप से निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे। निविदा दिनांक 04.03.2023, समय 17.00 बजें अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोल जायेगी।

**नियम एवं शर्ते** :–
1. निविदा में आपूर्तिकर्त्ता का GST का अद्यतन प्रमाण–पत्र अनिवार्य है।
2. आपूर्तिकर्त्ता, सामानों का दर बाजार दर के अनुरूप होना चाहिए।
3. आयकर विभाग द्वारा निर्गत पेन कार्ड की छायाप्रति होना अनिवार्य है।
4. निविदा को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेगा।
5. किसी भी समय निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार समादेष्टा, झा०स०पु–1, राँची के पास सुरक्षित रहेगा।
6. खेल सामाग्री सरकारी विभाग में आपूर्ति किया हुआ प्रमाण पत्र संलग्न आवश्यक है।

ह०/–
(वाई०एस०रमेश)
समादेष्टा
झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1,राँची

PR 291119 Police(22-23).D

**DIRECTORATE OF AGRICULTURE, JHARKHAND, RANCHI**
KrishiBhawan, Kanke Road, Ranchi-834008

**Request for Proposal (RFP)-Notice**

**RFP Reference no.-Agri/08/2022-23 Dated: 23.02.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Request for Proposal (RFP) for empanelment of Eligible Agencies to Implement & Manage Krishak Pathshalas and Birsa Gram under SamekitBirsa Gram Vikas Yojna Sah Krishak Pathshala Yojna in Jharkhand |
| 2 | Time of completion | Five Years |
| 3 | RFP Document Cost | Rs. 10,000 (Rupees Ten Thousand only) |
| 4 | EMD Amount | Rs. 7,50,000 (Rupees Seven Lacs Fifty Thousand only) |
| 5 | Date of Publication of RFP on Website | Date : **24/02/2023** |
| 6 | RFP Downloading Start Date | Date:**24/02/2023** (5 PM) |
| 7 | Date and Place of Pre-Bid Meeting | Date: **01/03/2023Time: 2:30 PM** Directorate of Agriculture, 1st floor KrishiBhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008 Jharkhand |
| 8 | Online RFP Submission Period | Date:**24/02/2023** (5 PM) to **20/03/2023** (2 PM) |
| 9 | Last date for submission of hard copy/e-mail of RFP documents cost and EMD (Refer paraG(d)- Pg. No. – 13 of RFP documents) | **20/03/2023**(2 PM) |
| 10 | RFP Opening Date and Place | Date: **21/03/2023** Time: 3 PM Directorate of Agriculture, 1st floor KrishiBhawan, Kanke Road, Ranchi- 834008 Jharkhand |
| 11 | Name and Address of the RFP Inviting Authority | Chandan Kumar (IAS). Director Agriculture. Jharkhand,Ranchi. |
| 12 | Contact details. of procurement Officer | Email-directoragriculturejh@gmail.com Phone number – 8210269583, 9431579789 |
| 13 | Helpline no. of e-procurement cell | 0651-2230691 |

**Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in**

Sd/-
Director Agriculture
Jharkhand, Ranchi

PR 291112 Agriculture (22-23)_D

**BUILDING CONSTRUCTON DEPARTMENT**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND**

**Short Term e-Procurement Notice**
Date : 24/02/2023

| Sl. No | Tender Reference No. | Work Name | Cost of Bidding Document (Rs) | Bid Security (EMD)Rs. | Completion Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/RFP/05/2022-23 | **Request for Proposal for Selection of Consultant for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Construction of "Chief Minister Residence and Office Kanke Road at Ranchi, Jharkhand"** | 10,000/- | Rs.10,00,000.00 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Bidding Document on Website | 27.02.2023 at 11:00 AM |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | 27.02.2023 at 11:00 AM |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | 20.03.2023 at 05:00 PM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bidding Document Fee in hard copy at e-Procurement Cell, Building Construction Department, 3rd Floor, Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand | 22.03.2023 up to 11:30 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 22.03.2023 at 12:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting Bid | e-Procurement Cell, Building Construction Department, Project Building, 3rd Floor, Room No- 326, Jharkhand,Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2446166 |
| 9 | e-mail ID | eprocurementbcd@gmail.com |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

**Nodal Officer**
**e-Procurement Cell**
**Building Construction Department,**
**3rd Floor, Project Bhawan, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand**

PR.NO.291178 Building(22-23):D

## खूंटी जिले में फिल्म शूटिंग और पर्यटन की संभावनाओं पर परिचर्चा का आयोजन

# खूंटी में है दूसरों जिलों के लिए उदाहरण बनने की क्षमता : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त के निर्देश पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग खूंटी के सहयोग से लतरातू डैम खूंटी में शुिक्रवार को फल्म शूटिंग और पर्यटन की संभावनाओं पर परिचर्चा का आयोजतन किया गया। इस दौरान फिल्म के क्षेत्र में योगदान देनेवाले और पत्रकारों से चर्चा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि खूंटी प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जिला बहुत ही सुन्दर जिला है और यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।




उन्होंने कहा कि फिल्मों की शूटिंग करने आए कलाकारों के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। उन्होने कहा कि फिल्म के बढ़ते कदम से स्थानीय लोगों को भी रोजगार उपलब्ध होगा। डीसी ने कहा कि कोई भी फिल्म की शूटिंग किसी जगह होती है, तो पूरी यूनिट आती है। उन्हें रहने, खाने एवं अन्य चीजों की जरूरत पड़ती। इसका प्रत्यक्ष लाभ यहां के स्थानीय लोगों को मिलेगा। खूंटी जिले में अन्य जिलों के लिए उदाहरण बनने की क्षमता हैं। फिल्म शूटिंग की संभावनाओं को देखते हुए जिले में आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे।

साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्र्थली उलिहातू में विशेष उलिहातु महोत्सव किया जाएगा। डीसी ने बताया कि जिले में 3 स्टार होटल बनाने की कार्य योजना तैयार की जा रही है। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य स्विस कॉटेज, होमस्टे, रॉक क्लिमलिंग, कैंपिंग, ट्रैकिंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही फूदी में ट्राइबल पार्क को विकसित करने की योजना बनाई जा रही है।

### प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है लतरातू जलाशय

उपायुक्त शशि रंजन की पहल से लतरातू डैम में व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लतरातू डैम को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। परिसर में जिला प्रशासन के द्वारा कैंटीन, रेस्ट रूम, शौचालय आदि का निर्माण किया गया है और बेकरी यूनिट का संचालन किया जा है।

## तमाड़ विधायक विकास मुंडा ने पीसीसी पथ एवं गार्डवाल का किया शिलान्यास



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के एदेलहातु पंचायत के बानाबुरु गांव में तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के द्वारा जुनास तिर्की के घर से सोसो टोली तक 450 फीट पीसीसी पथ एवं गार्डवाल का शिलान्यास किया गया यह योजना लगभग 17 लाख 50 हजार की है विधायक ने कहा कि हमारी सरकार गांव की विकास के लिए योजनाएं ला रही है और धरातल पर उतार रही है। इस अवसर पर बुंडू प्रमुख राजकुमार बिझिंया प्रदीप मुंडा पंसस माघमणि देवी कुलदीप बिझिंया कृष्णा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## सांसद संजय सेठ ने सिल्ली का दौरा किया



**मुरी (आजाद सिपाही)।** सांसद संजय सेठ ने सिल्ली का दौरा करते हुए सबसे पहले गुरुकुल स्कूल में निरीक्षण किया गया। पिछले दिनों गुरुकुल में शॉर्ट सर्किट लग जाने के कारण आग लग गया था उन्होंने जाकर देखा और आश्वासन दिया कि उनके द्वारा जो भी संभव हो सके उसका का भरपाई किया जाएगा इसके बाद बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में मुख्य अतिथि के रूप में एनुअल कार्यक्रम में हिस्सा लिया वहां के बच्चे के साथ मिले कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पिछले दिन आजसू नेता स्वर्गीय किशोर कुमार साहू के घर जाकर उनके परिवार से मिले और इस दुख की घड़ी मे ढाढ़स बांधा इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू उमेश महतो राजेंद्र प्रसाद साईं कंचन सुनार सुधीर कुमार साहू साधु चरण महतो भोलानाथ माझी परशुराम महतो सृष्टि महतो सृष्टि प्रजापति राजेश राय कालीचरण महतो भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो घरों और बिचाली में लगी आग

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जिलिंगसेरेंग गांव के कृष्णा पुराण का बिचाली में आग लगने तथा दुर्योधन पुराण ओर माधव पुराण का घर में आग लगने से घर के सामान जल कर राख हो गये। घटना आज दिन की है। पहले बिचाली चाकी में आग लगे और घर मे आग पकड़ लिया। लोगों को जमा होने तक दोनों का घर जल कर राख हो गया था। तीनों लोगों का हजारों का नुकसान हुआ है।

## आवास निर्माण नहीं, तो होगी वसूली : बीडीओ



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के कयी गावों में प्रधानमंत्री आवास योजना का रुपये लेकर आवास नहीं बनाने वालों को बीडीओ संध्या मुंडू ने बुंडू थाना के सहयोग से पकड़ कर थाना लायी और बांड भरवा कर आट दिनों की मोहलत देते हुए घर निर्माण की बात कही। आठ दिनों के अंदर अगर आवास का निर्माण नहीं होता है, तो पैसा लाभुकों से वसूला जायेगा। हुमटा पंचायत से करीब छह लोगों को थाना लाया गया। इनमें से सुकरा गौंझू, अष्टमी देवी, लक्ष्मीनारायण गौंझू, जामेश्वर गौंझू आदि थे।

## प्रशिक्षुओं को दिया गया प्रमाण पत्र



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** समेकित कृषि प्रणाली विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रखंड तकनीकी सूचना केंद्र तमाड़ में संपन्न हुआ। प्रशिक्षुओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो तमाड़ एवं उपप्रमुख शकुंतला देवी तमाड़ के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। यह जानकारी बीटीएम सविता नीरा जोजो ने दी।

## बिरसा कॉलेज में चलाया गया सफाई अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित बिरसा कॉलेज के इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को कॉलेज में सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या जी किड़ो ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कॉलेज में ऐसे कार्य नियमित रूप से किये जाने चाहिए, जिससे स्वच्छता कायम रहेगी। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता को एक सोच के साथ ही कायम रखा जा सकता है। कॉलेज के प्रति यह भावना सभी मे होनी चाहिए। डॉ अभिषेक कुमार के कहा कि कॉलेज शिक्षण संस्थान है, इसे स्वच्छ बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मौके पर प्रकाश प्रामाणिक, महेश साहू, प्रभुदान आदि उपस्थित थे।

## कर्रा में लोकहित अधिकार पार्टी की बैठक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** लोकहित अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर की अध्यक्षता में कर्रा में शुक्रवार को पार्टी कार्यकताओं की हुई बैठक में संगठन को मजबूत बनाने कें संबंध में विचार विमर्श किया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि अपने हक और अधिकार के लिए सभी समुदाय, जाति के लोगों को एक साथ आना होगा। बैठक में भूपेंद्र कंसारी, जय दास, हेमंत, कुणाल, राज, संतोष, निर्दोषी , सुषमा सहित कर्रा प्रखण्ड के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रशिक्षित अध्यापक संघ का राज्य स्तरीय स्थापना दिवस कल धुर्वा में



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य प्रशिक्षित अध्यापक संघ का द्वितीय राज्य स्तरीय स्थापना दिवस समारोह 26 फरवरी को शहीद मैदान, धुर्वा रांची में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान प्राथिक शिक्षा के उन्नयन में सहायक अध्यापकों की भूमिका पर भी चर्चा और सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार में सभी प्रशिक्षित, अप्रशिक्षित सहायक अध्यापक भाग लेंगे। संघ के जिलाध्यक्ष सह कोर कमेटी सदस्य संजय कुमार पाठक ने बताया कि कार्यक्रम में कई गण्यमान्य अतिथि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समोरोह में विधानसभा अध्यक्ष रब्रिंद्र नाथ महतो, शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो, कृषि मंत्री बादल पत्र लेख, ाज्यसभा सांसद महुआ मांजी, कल्याण मंत्री हफीजुल हसन गिरिडीह विधायक सुदिब्य कुमार सोनू, समेत कई बुद्धिजीवी भाग लेंगे।

## पुरनाडीह कोल डंप में रोजगार पर प्रबंधन ने लिया समय

# रोजगार पर सकारात्मक पहल नहीं तो दस मार्च से कोयला खदान बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीण पुरनाडीह कोल डंप में रोजगार को लेकर हैंडलोडिंग करने पहुँचे।विभिन्न गांव से सैकड़ों महिला पुरुष झोडी बेलचा लेकर पुरनाडीह कोल डंप गए।जहां हैंडलोडिंग कर ट्रकों में लोड करने की पूरी तैयारी थी।वही कोयला डिस्पैच का काम रोक दिया गया। इसके बाद सभी लोडर, ट्रक एव डंपर खड़े हो गए।



ग्रामीणों ने कहा कि रोजगार आदि मांगों पर प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करने के लिए गुरुवार तक का समय लिया था लेकिन प्रबंधन की ओर से कोई पहल नही किया गया। जिन रैयत विस्थापित ने खदान खोलने के लिए जमीन दिया और कोल डंप के माध्यम से विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने की बात थी लेकिन अब डंप से ग्रामीणों को रोजगार से बंचित कर दिया गया है।

विस्थापित महिलाओं ने कहा कि ट्रकों में कोयला लोडकर रोजगार की बात कह रहे हैं। प्रबंधन ग्रामीणों को रोजगार की व्यवस्था करे।वही कोयला ढुलाई बन्द होने के बाद प्रभारी जीएम जे अब्राहम तथा मैनेजर पीके सेनगुप्ता, कार्मिक अधिकारी दीपक गिरी, डिस्पैच अधिकारी मोहन शर्मा ग्रामीणों से वार्ता किया और सक्षम अधिकारी के छुट्टी पर रहने की बात कह रोजगार को लेकर पांच दिन का समय मांगा जिस पर ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनके रोजगार की बात नही होगी रोड सेल का काम पूरी तरह बंद रहेगी। वहीं मोर्चा ने कहा कि नौ मार्च तक रोजगार पर पहल नही हुआ तो दस मार्च से एनके एरिया को बन्द कराया जायेगा।

इस मौके पर केंद्रीय सचिव रामचन्द्र उरांव, मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, रंथू उरांव, जेपी महाराज,जितेंद्र राम, नरेश गंझू, रामलखन गंझू, विनय खलखो, राजेन्द्र उरांव, अमृत भोगता, धनराज भोगता, प्रभाकर गंझू, रामधारी गंझू, महेंद्र भोगता, शिवनाथ भोगता, कुलदीप प्रसाद साहू,रवि उरांव, प्रभु गंझू, कीनू गंझू,धर्मवीर ठाकुर, सोटन गंझू, शिवनारायण लोहरा, कुंदन कुमार, सोमर गंझू, बीफा उरांव, दिलीप उरांव, पिंटू गंझू, हिरामन गंझू, अरविंद महतो, बबलू गंझू, मरांडी गंझू, जुगु, बिगू गंझू, शिवा, विशुन उरांव, कुलदीप, पुनीत, सुनीता देवी, अनीता देवी, सुनीता सिन्हा, सुषमा, सरिता, शीतल, सुरजमानी कुजूर, प्रियंका तिग्गा, सिलिया, शांति देवी, सोमरी, ललिता, शनचारिया उरांव मौजूद थे

## किचटो और बचरा पंचायत में बोरिंग का काम शुरू



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर बचरा और किचटो पंचायत में पीएचडी विभाग चतरा द्वारा कुल छह चापानल बोरिंग का काम शुरू किया गया है। बचरा उत्तरी पंचायत के 122 कॉलोनी से इसकी शुरूआत विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ता सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने नारियल फोड़ कर और पूजा कर किया गय। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि बचरा और किचटो पंचायत के ग्रामीणो ने विधायक अंबा प्रसाद को पानी की समस्या से अवगत कराया था, जिसके बाद विधायक की पहल पर बोरिंग का काम शुरू किया गया। इससे कॉलोनी वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक अंबा प्रसाद के प्रति आभार प्रकट किया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,सुभाष साहू, संतोष यादव, उमेश यादव, गुड्डु गंझू, विकास कुमार, पवन गुप्ता, राम प्रसाद यादव,चिंटू गुप्ता, दयानन्द कुमार, नागेंद्र साव,सुरेश राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के रांची टाटा पथ पर जोजोडीह गांव के निकट देर रात एक खड़े कंटेनर को एक कार ने जोरदार धक्का मारा, जिससे कार में बैठे अनुराग कुमार चौबे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वह टाटा आदित्यपुर का रहने वाला था इसके अलावा कार में बैठे राजा महानंद, सोनाल बॉस, दीपक कुमार, कृष्णा दुबे गंभीर रूप से घायल हो गये। तमाड़ अस्पताल मे इलाज के बाद डाक्टर ने चारों को रिम्स रेफर कर दिया। कंटेनर का नंबर जेएच05डीसी 1333 और आई टेल कार का नंबर जेएच05ए एक्स 1256 है। पुलिस ने रिम्स में पोस्टमार्टम करा कर लाश परिजनों को सौप दिया गया

## विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, प्रमुख विक्टोरिया देवी, उपप्रमुख सबिता देवी, मुखिया सरिता देवी मुख्य अथिति थे, विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान छात्राओं ने सोसल मीडिया से बच्चों पर होने वाले गलत असर के बारे में नाटक मंचन किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने अपने कला का प्रदर्शनी को अतिथियों के समक्ष रखी। मौके पर वार्डन शशि बाड़ा, सरोजिनी टोप्पो, फुलमनी बाड़ा, सौरभ कुमार सिंह, तारणी सिंह मुंडा, श्याम महतो, सुषेन प्रामाणिक, निशिकांत गोंझु, फणीभूषन सिंह मुंडा, सहित अभिभावक उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरनी राय में मातृ पूजन सह सम्मेलन आयोजित

# बच्चों की प्रथम अध्यापिका-मार्गदर्शक होती है मां : गणेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** खलारी प्रखंड अंतर्गत पुरनी राय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृ पुजन सह मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन खलारी प्रखंड की उपप्रमुख सुमन देवी,राय की मुखिया शीला देवी एवं विद्यालय के प्राचार्य गणेश महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मातृ सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। उपस्थित मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए विद्यालय के आचार्य अनिल सिंह ने इस सम्मेलन के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी जन्म से लेकर उनके पालन पोषण,घर गृहस्थी, बच्चों में संस्कार के बीज बोने के साथ हर क्षेत्र में उनकी अहम भूमिका है जिनका पूजन एवं उनको प्रोत्साहन देना समाज का दायित्व है।



बतौर मुख्य अतिथि राय पंचायत की मुखिया शीला देवी ने माताओं की भुमिका एवं कुसुम देवी ने माताओं के कर्तव्य को समझाते हुए उन्हें सभ्य समाज का रचनाकार बताया। दीपशिखा ओझा ने माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में शारीरिक दक्षता के साथ अच्छे संस्कार के विकसित करने में माताओं का अमुल्य योगदान होता है।

विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उपस्थित सभी माताओं के स्वागत में नृत्य एवं स्वागत गीत गाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गणेश महतो ने कहा कि माताएं बच्चों की प्रथम अध्यापिका एवं मार्गदर्शक होती है इसलिए किसी भी बच्चे के जीवन में मां का स्थान सबसे उपर होना चाहिए।

# खूंटी के रोजगार मेला में 20 लोगों को मिली नौकरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा रोजगार से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को नियोजनालय परिसर खूंटी में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर उपायुक्त ने रोजगार मेला में भाग लेनेवाले युवक-युवतियों को शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि उज्जवल भविष्य की दिशा में बेहतर शिक्षा प्रणाली और उचित प्रशिक्षण प्राप्त कर अग्रसर रहें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन लगातार विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं के कौशल वर्धन की दिशा में कार्य कर रहा है। साथ ही कौशल वर्धन और क्षमता वर्धन को लेकर विशेष ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार कराया जा रहा है, जिससे युवा सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने कहा कि कौशल युवाओं का सबसे महत्वपूर्ण अस्त्र है, जिससे गरीबी, बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं का निवारण संभव है। निरंतर अभ्यास और संघर्ष से निश्चित ही सफलता मिलेगी। शिक्षा एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। इसके लिए मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। रोजगार मेला में 13 नियोजकों ने उपस्थिति दर्ज कराई तथा लगभग तीन सौ आवेदकों ने भाग लिया। इनमें , आयोजकों द्वारा 20 लोगों को अंतिम रूप से चयनित किया गया तथा 119 आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया गया। रोजगार मेला को सफल बनाने में नीरू कुमारी, जिला नियोजनालय पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, संजना, विद्यासागर आदि ने सहयोग किया।


G20

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 20.03.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00902023 दिनांक 24.02.2023 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 34/ Sr.DEN-V/LKO/2022-23<br>35/ Sr.DEN-V/LKO/2022-23<br>36/ Sr.DEN-V/LKO/2022-23 | | | |
| 3 | कार्य का नाम | 1– | सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/लखनऊ के अधीन लखनऊ–कानपुर सेक्शन में टीटीआर (एफएस+सीएस/टीडब्ल्यूएस सीएमएस/डब्ल्यू सीएमएस) = 37 सेट (1 इन 12 = 37)। | | |
| | | 2– | वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–पंचम/लखनऊ के क्षेत्र में टी0एस0आर0(पी) 22.430 किमी0 (सिंगल लाइन 1032 से 1038.02, सिंगल लाइन 1039 से 1041.40, सिंगल लाइन 1044 से 1048, सिंगल लाइन 1049.18 से 1059.19, अप 1068 से 1072.415 तक) अकबरपुर–फैजाबाद–लखनऊ खण्ड में टीआरटी मशीन द्वारा अन्य संबद्ध कार्य। | | |
| | | 3– | सहायक मंडल इंजीनियर–द्वितीय/लखनऊ के अधीन में वरि0 खण्ड अभियन्ता/कार्य/लाइन/लखनऊ के खण्ड में लखनऊ –अयोध्या छावनी सेक्शन पर ब्रिज नं0 469 (गोमती ब्रिज) के पहुँचमार्ग पुनर्वास का निर्माण कार्य। | | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1- | Rs. 1,44,16,782.21 | 2- | Rs. 3,54,98,945.29 |
| | | 3- | Rs. 2,37,02,620.39 | | |
| 5 | धरोहर राशि | 1- | Rs. 2,22,100.00 | 2- | Rs. 3,27,500.00 |
| | | 3- | Rs. 2,68,500.00 | | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र0सं0 01 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से पाँच माह। | | |
| | | क्र0सं0 02 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ माह। | | |
| | | क्र0सं0 03 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 06.03.2023 | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 20.03.2023 15:00 बजे | | | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। 621/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जी-20 समिट : सड़कें चकाचक, चमक रही दीवारें, बाहर से आनेवाले हैं मेहमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में अगले महीने जी-20 की बैठक होनी है। इसे लेकर शहर को चमकाया जा रहा है। डेलीगेट्स जिस रास्ते से गुजरेंगे, उसे दुल्हन की तरह सजाने का निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं, अधिकारी इसके सफल आयोजन को लेकर दिन रात बैठक कर रहे हैं, ताकि बाहर से आनेवाले डेलीगेट्स के सामने शहर की अच्छी छवि बन सके। बताते चलें कि जी-20 बैठक को लेकर पूरे शहर से कचरे का उठाव हर दिन हो रहा है। वहीं रोड किनारे की दीवारें चमक रही हैं।

## कहीं नहीं दिख रहा कचरा

शहर में वेस्ट कलेक्शन का काम रांची नगर निगम खुद कर रहा है। इस दौरान शहर से हर दिन दर्जनों कंप्लेन आती है, लेकिन जी-20 की तैयारियों के बीच कलेक्शन तेज कर दिया गया है।

## सुबह से रात तक हो रही है सफाई

सड़कों की सफाई का काम तेज कर दिया गया है। मेकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन से सड़कों को चमकाया जा रहा है। इसके अलावा एंटी स्मांग गन से पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। निगम के कर्मी पेड़-पौधों पर लगातार पानी का छिड़काव भी कर रहे हैं। बेतरतीब पेड़-पौधों को ट्रिमिंग कर सही आकार भी दिया जा रहा है। इससे पहले मोमेंटम झारखंड के समय राजधानी को दुल्हन की तरह सजाया गया था।



## दिख रहा जेब्रा क्रासिंग और स्टॉपेज

शहर से जेब्रा क्रासिंग से लेकर बस स्टॉपेज के नामो निशान गायब हो गये थे, लेकिन बैठक से पहले ये भी दिखने लगे है। डिवाइडर पर भी नया रंग चढ़ा दिया गया है।इसकी रेगुलर सफाई भी करायी जा रही हैं, जिससे कि कहीं कोई कमी न रह जाये।

# शिक्षकों को दिया एफएलएन का प्रशिक्षण



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में विभिन्न विद्यालय के शिक्षकों को तीसरे फेज का चार दिवसीय एफएलएन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक उदय कुमार, जितेंद्र राणा, धनेश्वर राय, अजय कुमार सिंह शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है। प्रशिक्षण के दौरान कौशल विकास के साथ साथ सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा का विकास किस प्रकार हो इसके बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा एक से तीन तक के खासकर वैसे बच्चे जो अन्य बच्चे से पीछे हैं, उन बच्चों को सहजता से अन्य बच्चों के समकक्ष किस प्रकार लाया जा सकता है। इस बात की जानकारी दी जा रही है। वहीं प्रोजेक्टर के माध्यम से भी प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर शिक्षकों में बाबुलाल साहू, जयमनी होरो, सफिरा तिर्की, मोहम्मद समीउल्ला हक, सुधीर उरांव समेत कई शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को स्थानीय नेशनल पब्लिक हाइस्कूल में शपथ दिलायी



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी क्षेत्र के मोमीन समाज के संगठन जमीअत उल मोमिनीन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को स्थानीय नेशनल पब्लिक हाइ स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित कर शुक्रवार को शपथ दिलाई गई। जमीयत के नवनिर्वाचित सदर तस्लीम अहमद, सेक्रेटरी रफीक अंसारी, नायब सदर अफरोज अंसारी और नायक सेक्रेटरी सज्जाद हुसैन इलेक्शन कमेटी के कन्वीनर शहाब हमजा ने इस्लाहुल एरा पिंकी सदर अकील अहमद वह सेक्रेटरी हाजी मोइन, फलाही तंजीम के सरपरस्त लियाकत खान व हाजी मंजूर के अलावे जमीअत उपल मोमिनीन के सरपरस्त और मेंबरों की मौजूदगी में शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरूआत हाफिज शोएब अहमद के तिलावते कलाम पाक से हुआ। मौके पर जमीअत उल मोमिनीन के पदाधिकारियों के अतिरिक्त मोहम्मद सलीम उद्दीन, अबरार इमाम, मोहसीन मुमताज, जुबैर अहमद सलाउद्दीन अंसारी सहित अन्य सम्मानित किये गये। कार्यक्रम का संचालन तस्लीम रजा ने किया।। इस अवसर पर अफसर इमाम, जिब्राइल अंसारी, हाजी अली हसन, दानिश निजाम, नौशाद आलम, मास्टर अरशद, मास्टर राशिद, शोएब अंजुम, कारी जुबेर अहमद, अबू हसन सहित अन्य उपस्थित थे।

# रामनवमी को धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रणनीति तैयार



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रामनवमी महोत्सव को लेकर श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर रहे है। इसी क्रम में शुक्रवार को मनोज सिंह करम टोली गांव पहुंचे और रामभक्तों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी रामनवमी को सफलतापूर्वक धूमधााम से मनाने को लेकर रणनीति तैयार की गयी। मनोज सिंह ने कहा पिछ्ले कुछ वर्षों से कोरोना लॉकडाउन के कारण रामनवमी धूमधाम से नही हो पायी है। जिसके कारण ग्रामीणों के मन में इस बार की रामनवमी सादगी के साथ एवं धूमधाम से मनाने को उत्याहित है। रामनवमी महोत्सव में पुरुष के साथ-साथ महिलाएं और बच्चे भी शामिल होंगे। गांव के महावीर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ हर मंगलवार किया जा रहा है। मौके पर मनोज सिंह ने करम टोली महावीर मंडल को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रुप से महावीर नायक, वार्ड सदस्यों के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसएसबी और अनगड़ा पुलिस ने संयुक्त अभियान चला कर अवैध अफीम की फसलों को किया नष्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** एसएसबी 26वीं वाहिनी एवं अनगड़ा पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सताकी कोचेटोली आदि इलाकों मे अवैध अफीम की खेती के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। इस क्रम मे करीब 9 एकड़ जमीन मे लहलहाती अफीम की खेती को विनष्ट किया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सताकी, कोचेटोली सहित आसपास के जंगलों में व्यापक पैमाने पर अवैध अफीम की खेती की जा रही है। सूचना पाते हीं थानेदार ब्रजेश कुमार के नेतृत्व मे एक संयुक्त टीम का गठन कर उक्त क्षेत्रों मे सघन अभियान चलाया गया तथा अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया। इस टीम मे एसएसबी और जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# खतियानी महाजुटान का आयोजन किया

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति के तत्वाधान में आगामी 6 मार्च को बुढ़मू प्रखंड के भांटबोडेया मैदान में खतियानी महाजुटान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता टाइगर जयराम महतो मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में खलारी, बुढ़मू, कांके, रातू समेत अन्य प्रखंडों के लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर संचालन समिति का भी गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष संजय पटेल,सचिव हीरालाल महतो तथा कोषाध्यक्ष राजेंद्र महतो बनाये गये हैं। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की सफलता को लेकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार जोरों से किया जा रहा है।

# श्रीरामचरितमानस ग्रंथ देकर कक्षा दस के बच्चों को दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होचर कांके में शुक्रवार को कक्षा दसवीं के छात्रों को अश्रुपूर्ण विदाई दी गई। कक्षा नवम के बच्चों के द्वारा कक्षा दशम के बच्चों को श्रीरामचरितमानस ग्रंथ देकर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि मानव जीवन अनमोल हो सकता है, परंतु इसके लिए संघर्ष करना पड़ता है। हम शिक्षा के द्वारा स्वभाव में परिवर्तन, स्वभाव के द्वारा संस्कार में परिवर्तन एवं संस्कार के द्वारा सम्मान को प्राप्त कर सकते हैं। डॉ साहु ने कहा कि जिस प्रकार जनकपुर से लाया गया गोलाकार पत्थर आज अयोध्या में भगवान पुरुषोत्तम श्रीरामजी का स्वरूप में खड़ा हो रहा है जो समस्त विश्व के आराध्य देव के रूप में प्रतिष्ठित रहेंगे। ठीक उसी प्रकार मानव जीवन को शिक्षा के दीप से प्रज्वलित कर एक सार्थक जीवन बनाया जा सकता है। नवजीवन भी एक पत्थर के समान निराकार होता है। इसे शिक्षा के रूप में अलंकृत कर एक विशिष्ट स्थान तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर मोहन लाल यादव, शिव प्रसाद साहु, सुजीत उपाध्याय, उर्मिला केरकेट्टा, बालचंद उरांव, राम किश्वर साहू, बबलू कुमार साहू, अनु देवी, सुनीता मुंडा, कुसुम टोप्पो, सुनीता कश्यप, दीपक कुमार साहू, मनीष साहू, राकेश झा, विजय उरांव सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका एवं विद्यार्थी जन मौजूद थे।



# सांसद संजय सेठ ने कॉसमॉस क्लब को मुक्ति वाहन सौंपा

**सभी संस्थाओं से शहर को साफ सुथरा-स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने शुक्रवार को सांसद निधि से मुक्ति वाहन (अंतिम यात्रा वाहन) कॉशमॉस क्लब लालपुर को प्रदान किया। शव वाहन की सेवायें सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक इस्तेमाल कर सकेगें। सांसद संजय सेठ ने कहा कि वैसे लोग जिनको पैसे के अभाव में बॉडी दूर ले जाने में दिक्कत होती है। ऐसे लोगों को सेवा प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। रांची शहर के सभी श्मशान घाटों का सुंदरीकरण करना, एक डायलिसिस सेंटर का निर्माण करना, जहां गरीब लोग का कम पैसों में इलाज हो सके शहर की आबादी दिनों दिन बढ़ रही है। आज जरूरत है ऐसे संस्था कि जो सेवा भाव से कार्य करती है। ऐसे संस्थाओं को एंबुलेंस मुहैया कराना ताकि लोगों को कम पैसे में सेवा प्रदान किया जा सके। साथ ही जी-20 को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इसमें सभी संस्थाओं से शहर को साफ सुथरा स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने की अपील की गई। इस बैठक में क्लब के सभी पदाधिकारी सहित दुगार्बाड़ी मेन रोड रांची, देशप्रिया क्लब एवं लाइब्रेरी, यूनियन क्लब एवं लाइब्रेरी, बंगाली युवा मंच, नेताजी नगर क्लब कांटा टोली, हरीमती मंदिर, लालपुर नवयुवक संघ थडपकना, अग्रदूत क्लब थडपकना, मारवाड़ी सहायक समिति, पंजाबी हिंदू बिरादरी सहित दर्जनों संस्था के लोग मौजूद थे।



# टाटीसिलवे में ग्राम प्रधानों की बैठक रविवार को

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टाटीसिलवे के टाटीपूर्वी पंचायत सचिवालय में रविवार को ग्राम प्रधानों की बैठक का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुये ग्राम प्रधान संघ अनगड़ा के अध्यक्ष उमेश बड़ाइक ने पंचायत के सभी ग्राम प्रधानों को रविवार सुबह 11 बजे से बैठक में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# इन हाउस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन




**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में आज दिनांक 23/02/2023 को एक दिवसीय 'इन हाऊस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षकों अल्का कीर्ति एवं समीर कुमार मिश्रा ने सीबीएसइ द्वारा प्रतिपादित 'स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम' एवं की अनिवार्यता एवं औचित्य पर गहन प्रकाश डाला। इसके अंतर्गत 'लैंगिक समानता', 'वैल्य' एवं 'रिस्पॉन्सिबल सिटीजन' सरीखे विषयों पर प्रकाश डाला। कई रोमांचक क्रिया कलापों द्वारा बहुत ही सरल तरीके से विषय की जटिलता को दूर कर दिया। प्राचार्या किरण यादव ने इस तरह की कार्यशाला को शिक्षक के व्यावसायिक प्रगति के लिए अपरिहार्य एवं अनिवार्य बताते हुए ऐसे आयोजन में सभी शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चत करने का आग्रह किया। नीरजा सहाय डीएवी एवं डीएवी हेहल आदि के लगभग पचास शिक्षक इस कार्यक्रम का हिस्सा बने तथा विद्यालय में 'हेल्थ एंड वेलनेस क्लब' के महत्व को जाना।

# मध्य विद्यालय चकला में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मुख्य रूप से उपस्थित ओरमांझी बीपीओ रीना यादव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें ताकि उनकी पढ़ाई बाधित ना हो। विद्यालय के विकास में समुदाय का अहम योगदान होता है। गोष्टी को ग्राम प्रधान बालक पाहन, पूर्व उप मुखिया आफताब आलम, सहित कई लोगों ने संबोधन किया। अभिभावक शिक्षक गोष्ठी की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रजबुल अंसारी, संचालन शिक्षक संघ ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष सह विद्यालय के सहायक शिक्षक सतीश बड़ाईक तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला ने की। इस अवसर पर बीपीओ रीना यादव, ग्राम प्रधान बालक पहान, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रजबुल अंसारी, उपाध्यक्ष मोइन अंसारी, पूर्व उप मुखिया आफताब आलम, वार्ड सदस्या परीना बेगम, मोबिन अंसारी, सुनिता देवी, ईमान अंसारी, आशा कुमारी, मो मुस्तफा अंसारी, अनुपा शैलबाला कुजूर, संगीता कुमारी, प्रभादेवी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे ।

# भारतीय राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुई नामकुम प्रखंड अध्यक्ष सुषमा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शुरू हो गया। अधिवेशन में शामिल होने के लिए नामकुम प्रखंड कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुषमा होमरोम रांची से रायपुर पहुंची। उन्होंने अधिवेशन स्थल पर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुये कहा कि भाजपा देश में केवल झूठ फैला रही है। कहा कि केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। यह सब जनता देख रही और सही समय का इंतजार कर रही है। समय मिलते ही जवाब देगी। मौके पर नामकुम प्रखंड अध्यक्ष सुषमा हेमरोम, आभासी आहूजा इंदिरा, अमरीस, कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**रांची (आजाद सिपाही)।** अमर सजीवनी नेचुरल बी प्रोडक्ट प्रा लि रांची एवं लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (एसएफएसी) नयी दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान मे देष में कार्यरत कृषि उत्पादक संघो (एफपीऔएस) के प्रतिनिधियों का सामर्थ्य निर्माण एवं मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 18 से 24 फरवरी तक चला। प्रशिक्षण सत्र का समापन शुक्रवार को हुआ। इस कार्यक्रम में असम, छतिसगढ़, दिल्ली, पंजाब, उतराखंड, बिहार एवं झारखंड के 25 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कांके अरसंडे के बदलाव फाउंडेशन सभागार में समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी भावेशानंद सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र मोराबादी रांची ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व में कोई भी बड़ा कार्य सशक्त संगठन के बिना संभव नहीं हो सकता। विशिष्ट अतिथि डॉ जगरनाथ उरांव प्रसार निदेशक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कांके ने अपने संबोधन में कहा कि मधुमक्खी के बिना कृषि एवं बागवानी का विकास अधुरा है। सुनील बादल वरिष्ठ लेखक सह पत्रकार ने कहा कि बाजार में मधु का सही कीमत प्राप्त करने के लिए अपने उत्पादों के गुणवत्ता को उच्च स्तर पर बनाये रखने में विशेष ध्यान दें। अतिथि आशीष आनंद उप-निदेशक जेटीडीस झारखंड सरकार ने कहा कि शहद का समर्थन मुल्य निर्धारण जरुरी है। परंतु इसके लिए देश में शहद की एक निश्चित मात्रा का उत्पादन प्रति वर्ष होना जरुरी है। अतिथियों का स्वागत एमएस चौहान सीइओ एवं धन्यावाद ज्ञापन मनरखन महतो निदेशक ने किया।

## समता स्कूल जपला में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार चौहान व उपस्थित शिक्षकों ने मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जूनियर क्लास की छात्र-छात्राओं व विद्यालय परिवार ने दसवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों के द्वारा दसवीं के छात्र छात्राओं को पेन कॉपी डायरी आदि देकर सम्मानित किया गया। इस विदाई समारोह के दौरान छात्राओं ने आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक तथा शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों में हमारा विद्यालय हुसैनाबाद क्षेत्र में विगत कई वर्षों से अग्रसर रहा है।बिद्यालय परिवार का प्रयास है कि बच्चों को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता राहुल, कुमार चौहान, दीपक कुमार, प्रियंका देवी, राहुल चंद्रवंशी, दशरथ कुमार, बेबी शेख, मंटेश्वर यादव, कार्तिक कुमार, नंदू प्रजापति, सरिता देवी, मीना देवी इत्यादि उपस्थित थे।

## सूर्या सिंह ने स्टेडियम निर्माण के लिए विधायक का आभार जताया



**हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)।** टीम सूर्या के संस्थापक एवम युवा नेता सूर्या सिंह के आग्रह पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह का प्रयास रंग लाया है। हुसैनाबाद के कुमीर्पुर पंचायत में जिला स्तरीय खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जायेगा। इस संबंध में एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सह टीम सूर्या के संस्थापक खिलाड़ियों के प्रेरणाश्रोत सूर्या सिंह ने बताया कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पलामू के द्वारा जिला स्तरीय स्टेडियम निर्माण कार्य के लिए निविदा निकाल दी गयी है। स्टेडियम का निर्माण 6758100 रुपए से कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि मार्च में निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। इसके लिए उन्होंने हुसैनाबाद विधायक सह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह व राज्य के खेल मंत्री का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विधायक कमलेश कुमार सिंह जी ने अन्य सभी प्रखंडों में खेल स्टेडियम निर्माण की अनुसंशा की है। हैदरनगर में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। जल्द ही अन्य प्रखंडों के लिए भी स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की सभी प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय जबकि हुसैनाबाद में जिला स्तरीय स्टेडियम बन जाने से खिलाड़ियों को काफी सहूलियत मिलेगी। वहीं बाहरी खिलाड़ियों को बुलाने में भी सुविधा होगी। क्षेत्र के खिलाड़ीयों ने टीम सूर्या और विधायक कमलेश कुमार सिंह की सराहना किया है।

## विवाहिता को जबरन उठा ले जानेवाला अभिषेक सिंह चार दिन बाद गिरफ्तार




**पांडू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मुसीखाप पंचायत क्षेत्र निवासी 21 वर्षीय विवाहिता को उसकी ससुराल से जबरन अपहरण कर उठा ले जाने के आरोपी अभिषेक सिंह, पिता बृजदेव सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पांडु के थाना प्रभारी पवन कुमार ने टेक्निकल सेल की मदद से आरोपी अभिषेक सिंह को गुरूवार के दिन गिरफ्तार किया था, जिसके बाद शुक्रवार के दिन पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मुसीखाप पंचायत क्षेत्र से गत 19 फरवरी को 21 वर्षीय एक बच्चे की मां को उसी गांव का रहने वाला अभिषेक सिंह जबरन उठा ले गया था और उसे कानपुर में रखे हुए था। महिला किसी तरह कानपुर से मुसिखाप पंचायत क्षेत्र लौटी और इस संबंध में पांडू थाना में अपहरण और दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज करायी। सूचना पाकर पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हालांकि जिस महिला के साथ यह घटना घटी है ,उसका पति बाहर में रहकर काम करता है। महिला अपने बच्चे और सास-ससुर के साथ ससुराल में थी। गहन पूछताछ के बाद शुक्रवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## हरिहरगंज में राकांपा का इस बार नहीं होगा होली मिलन समारोह : सरोज



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड में इस बार राकांपा का होली मिलन समारोह का आयोजन नहीं होगा। इसकी जानकारी हरिहरगंज प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा तथा राकांपा नेता विजय कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों राकांपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता धीरज सिंह के स्वर्गवास हो जाने के कारण इस बार होली मिलन समारोह का आयोजन करना उचित नहीं होगा। इस बार स्थगित करते हुए अगले वर्ष होली मिलन समारोह विशेष रूप से मनायी जायेगी।

## पीसीसी पथ का मुखिया ने किया शिलान्यास



**छतरपुर (पलामू )।** प्रखंड क्षेत्र के कालापहाड़ पंचायत के गोठा गांव में 15वीं वित्त योजना के तहत विनोद यादव के घर से पीपल के पेड़ तक पिसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास मुखिया अनिता देवी देवी के द्वारा किया गया। शिलान्यास के समय पंचायत समिति सुमित्रा देवी, पंचायत सचिव श्यामसुंदर राम, समाजसेवी प्रमोद कुमार यादव, डॉ अमित यादव वार्ड नंबर 1 के वार्ड सदस्य बिरजू यादव सहित दर्जनों ग्रामीण ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए को निश्चित रूप से प्रचंड जनादेश मिलेगा : आजसू



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आजसू छात्र संघ के राहुल मिश्रा और अभिषेक राज ने कहा कि निश्चित रुप से रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए को प्रचंड जनादेश मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के झूठ एवं लूट मॉडल को अब जनता समझ गया है। सरकार चुनाव से पहले बदलो सरकार, पाओ अधिकार का नारा देती थी और चुनाव के बाद मांगो अधिकार, करेंगे लाठी से प्रहार पर उतर आई है। यही इनकी सच्चाई है, यही इनका मॉडल है। युवाओं को विज्ञापन और आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला सरकार ने युवाओं के हाथों में नियुक्तियों की जगह विज्ञप्ति दे दिया, रोजगार देने के जगह उन्हें बेरोजगार कर दिया। राज्य के युवा बेरोजगारी की आग में झुलस रहे है। चुनाव से पहले किए तमाम घोषणाएं और वादे के साथ विश्वासघात किया गया है। आजसू छात्र संघ के एक एक साथी आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन मे जनसंपर्क मे जुटे हुए है।

# सरसोत में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हुसैनाबाद विस क्षेत्र में चहुमुखी विकास और मूलभूत सुविधाओं को धरातल पर उतारने को लेकर हमेशा तत्पर हैं। उक्त बातें हरिहरगंज-हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सुदूरवर्ती गांव सरसोत में भवन निर्माण विभाग अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम को ऑन लाइन सम्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि वे छोटे से छोटे और बड़े से बड़े जनोपयोगी योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटे हैं। कहा कि बीते कोरोना काल में विकास की गति थोड़ी धीमी हो गई थी लेकिन अब क्षेत्र में विकास की गति रफ्तार पकड़ेगी। इसके पहले हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि सह एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित सिंह ने निर्माण कार्य का भूमिपूजन के बाद शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधायक श्री सिंह के द्वारा विस क्षेत्र के सभी गावों में सड़क, पुल पुलिया, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, जनकल्याण की योजनाओं की स्वीकृति दिलाई गई है। उन्होंने विधायक के कई उपलब्धियों को गिनाते हुए लोगों से गांवों की समुचित विकास के लिए एकजुट होने की अपील की। इस दौरान हरिहरगंज के विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा ने भी विधायक श्री सिंह के कार्यों की सराहना की। मौके पर पथरा पुलिस पिकेट प्रभारी नितीश कुमार, जिला सचिव अजय कुमार सिंह,आबिद हुसैन, विजय कुमार सिंह, सीलू सिंह, मनीष कुमार सिंह, जितेन्द्र मेहता, शिव बैठा, हंशराज सिंह, दिलीप उर्फ खुदी सिंह, राजकुमार ठाकुर, रामबृक्ष मस्ताना, जितेंद्र मेहता, भोला सिंह, डॉ अवध दास, सुरेन्द्र कुमार सिंह, इंद्रदेव भारती, अरुण सिंह उपस्थित थे।

## जी-20, एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर पेंटिंग्स प्रतियोगिता

**केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




### मुख्य कार्यक्रम आज, प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

**सीबीसी डालटनगंज के द्वारा 25 फरवरी को रा. श्री सद्गुरु प्रताप हरि उच्च विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात भाषण, एवं क्विज प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। शनिवार को ही सभी प्रतिभागियों को मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जायेगा।**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत, स्वच्छ भारत अभियान, फिट इंडिया एवं जी-20 विषयों पर शुक्रवार को चैनपुर के श्री सद्गुरु प्रताप हरि +2 उच्च विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विशेष जागरूकता कार्यक्रम के प्री-प्रोग्राम के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 60 बच्चों ने प्रतिभागिता की। इससे पूर्व सीबीसी, डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने सभी विद्यार्थियों को उपुर्यक्त विषयों के बारे में जानकारी दी एवं कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चों का मानसिक विकास होने के साथ-साथ उनमें प्रतिस्पर्द्धा की भावना विकसित होती है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजकिशोर तिवारी एवं शिक्षकों को नव वर्ष का विभागीय कैलेंडर भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्याप बृजकिशोर तिवारी, राम प्रकाश शर्मा, संतोष कुमार, अशोक कुमार विश्वकर्मा, संदीप तिर्की, उमेश राम, कुमारी रीता, श्वेता सुमन,बृज बिहारी, चंद्रशेखर, कृष्ण मुरारी, अर्चना कुमारी, प्रदीप कुमार चौरसिया, आकाश कुमार, भोला सिंह,राजेश कुमार उपस्थित रहे।

## नौडीहा बाजार प्रखंड में बीस सूत्री की पहली बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड में शुक्रवार को बीस सूत्री की प्रथम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान एवं संचालन बीडीओ जितेंद्र कुमार ने किया। बैठक में सबसे पहले सभी पदाधिकारियों से परिचय कराया गया एवं बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों से समीक्षा किया। बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने उपस्थित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग कार्य शैली में सुधार लाएं ताकि आम लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। वही बीस सूत्री सदस्य मो. परवेज आलम ने बाल विकास परियोजना विभाग से संबंधित प्रश्न उठाया कि प्रखंड अंतर्गत अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में बहुत बड़े पैमाने पर खानापूर्ति हो रही है। जिस पर महिला पर्यवेक्षिका गीता चौरसिया ने सुधार लाने की बात कही। सरकारी विधालय से शिक्षक हाजरी बनाकर गायब होने का भी मामला बैठक में उठाया गया। जिस पर बीपीओ ने आश्वस्त किया कि वैसे शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। सदस्य नितिश कुमार ने सरईडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नौडीहा बाजार स्वस्थ्य केंद्र में डाक्टर नहीं रहने का भी मुद्दा उठाया। बैठक में उपस्थित बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान, उपाध्यक्ष अनवर अंसारी, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, बीस सूत्री सदस्य मो. परवेज आलम,नितिश कुमार, गजेन्द्र शर्मा,सनाउल्लाह अंसारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल सिंह, शिक्षा विभाग के बीपीओ, मनरेगा बीपीओ, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी, राजस्व कर्मचारी एवं पंचायत सचिव बैठक में उपस्थित थे।

## खेल से होता है स्वस्थ जीवन शैली का विकास : राजन सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत बसरिया कला में हर वर्ष की भांति स्व.मुद्रिका सिंह के याद में पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मुकाबला गुरुवार को बीएफसी फुटबॉल क्लब रामगढ़ और डीटीएच सुआ के बीच खेला गया था। पंचायत बसरिया कला के सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राएं(छोटे बच्चे एवं बच्ची ने) भी फुटबॉल टूनार्मेंट में मैच में भाग लिया और विजय प्राप्त किया। उन्हें भी मेडल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फुटबॉल में विजेता टीम बीएफसी फुटबॉल क्लब रामगढ़,उपविजेता डीटीएच सुआ। विजेता टीम को बड़ा सिल्ड, मेडल और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन मैच से एकता एवं अनुशासन का विकास होता है। स्थानीय प्रतिभा निखर कर सामने आती है।खेल जीवन में अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। शहरों में जहां एक और खेल के मैदानों की कमी है वहीं अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही है खेल बचा रह गया है। आवश्यकता है कि हम इसे बढ़ावा दें तथा शहरों में भी युवाओं के बीच खेल के कार्यक्रमों का आयोजन करें। ग्रामीण क्षेत्रों से शिक्षा ही नहीं बल्कि खेल के क्षेत्र में भी अत्यंत उत्कृष्ट प्रतिभा निखर कर सामने आ रही हैं। हमें उनका स्वागत करना चाहिए। कार्यक्रम में युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष विश्वास सिंह (गुडुन सिंह), चैनपुर से पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेन्द्र कुमार शौलू, इंडियन फुटबॉल क्लब टूनार्मेंट के अध्यक्ष गोरख कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह, उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, सचिव आशिष कुमार सिंह, महामंत्री हरेंद्र सिंह एवं अन्य इंडिया फुटबॉल क्लब का आयोजन कर्ता। मौके पर मैच के संचालक कर रहे शिव कुमार सुमन,कंचन साव,अजय साव एवं फिल्ड में हजारों के संख्या में ग्रामीण जनता मैच को देखने के लिए उपस्थित थे।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार,रामगढ़**

**सूचना**

**विशेष मध्यस्थता अभियान**

**दिनांक : 13.03.2023 से 17.03.2023**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक 13.03.2023 से 17.03.2023 तक विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें परिवार न्यायालय से संबंधित मामलों एवं उसी से संबंधित अन्य मामले जैसे–दहेज उत्पीड़न, 498ए भा0 द0 वि0, घरेलू हिंसा, भरण–पोषण दत्तक ग्रहण इत्यादि के मामले जो व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ के विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं का निस्तारण आपसी सुलह–समझौते के आधार पर किया जाएगा ।

**प्रस्तुत किए जाने वाले मामले**

| | |
|---|---|
| त्लाक संबंधी मामले | छहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले |
| वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले | भा0 द0 वि0 की धारा 498ए के मामले |
| दत्तक ग्रहण के मामले | घरेलू हिंसा के मामले |
| भरण–पोषण के मामले | घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामले |
| बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले | परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले |

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत लाभुक अपने मामलों को संबंधित न्यायालयों से मध्यस्थता केन्द्र में भेजवाकर विशेष अभियान के तहत उनका निस्तारण कराकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं ।

अधो0/–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
रामगढ़।

अधो0/–
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़।

PR 291194 District(22-23).D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना,खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक-सी०,चाईबासा रोड, खूँटी-835210, Email ID – jepkhunti**

पत्रांक JEP KHUNTI/...234........ दिनांक 23 /02/2023

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2023–24)**

वित्तीय वर्ष 2023–2024 में जिले के सभी पॉच कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, अड़की, कर्रा, खूँटी, मुरहू, रनियाँ, एक झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालय, तोरपा एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, खूँटी के लिए पैकेज 01 **खाद्य पदार्थ** (राशन एवं अन्य वस्तुएँ) पैकेज संख्या 02 **हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर इत्यादि** पैकेज संख्या 03, **स्कूल पोशाक, एवं अन्य वस्त्र** पैकेज संख्या 04 **स्टेशनरी इत्यादि की आपूर्ति हेतु सभी विद्यालय एवं** सभी पैकेज के लिए अलग–अलग सम्बंधित प्रखण्डों क सस्थानों से निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता जिला कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी से दिनांक 25.02.2023 से दिनांक 10.03.2023 के कार्यालय अवधि में निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। तकनीक बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफे को एक बड़े लिफाफा में दिनांक 11.03.2023 के अपराह्न 3:00 बजे तक सीलबंद निविदा प्रपत्र झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तर पर क्रय समिति द्वारा दिनांक 13.03.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे, स्थान झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी में निविदा खोली जाएगी। निविदा की विस्तृत जानकारी खूँटी के अधिकारिक वेब–साईट www.khunti.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूँटी

PR 291100 District(22-23).D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

**–:: शुद्धि पत्र ::–**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा **(Re-Organization of Barhi Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Hazaribagh) P.R. No.:-288903 Drinking Water and Sanitation (22-23).D** को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया जाता है–

| Sl. No. | Particulars | After Amendment |
|---|---|---|
| 1. | Value of work (Rs in Lakhs) | Rs. 9,79,32,213.72 |
| 2. | Bid Security (Rs. in Lakhs) | Rs. 9,80,000/- |
| 3. | Date of Tender uploading in website | Date:- 28.02.2023 up to 02:00 PM |
| 4. | Date of Pre-bid Meeting | Date:- 06.03.2023 at 12:30 PM in the office of Engineer-in-Chief, D. W. & S. Department Jharkhand Ranchi |
| 5. | Last date receipt of Bid | Date:- 13.03.2023 upto 05.00 PM |
| 6. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 14.03.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 7. | Date of opening tender | Date:- 15.03.2023 upto 03.00 PM |

शेष सभी शर्त्ते यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग

PR291213 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा**

**अति अल्प कालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या :–28/2022–23**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजनान्तर्गत चतरा जिला के रूर्बन कलस्टर–सराढु प्रखण्ड–टण्डवा में योजना **Library in School** (युनिट–06) अंतर्गत अनुसंशित पुस्तकों की आपूर्ति निबंधित संस्था के माध्यम से किया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु निबंधित संस्था के इच्छुक आपूर्तिकर्ता /कंपनी/फर्म/पार्टनरशिप/गैर सरकारी संगठन से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रण हेतु पुनर्निविदा दिनांक 04.03.2023 को 10:30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | Details |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 24.02.2023 |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 04.03.2023 till 10:30 AM |
| 3 | निविदा खुलने का तिथि/समय | 04.03.2023 – 11:00 AM |
| 4 | निविदा की अधिकतम लागत | Rs 24,00,000.00 |
| 5 | निविदा खुलने का स्थान | DRDA Vikas Bhawan, Conference Hall, Chatra |
| 6 | अग्रधन की राशि (EMD) उप विकास आयुक्त, चतरा, विकास भवन, चतरा, के नाम से Banker cheque या Demand Draft देय होगा। (Payable at Chatra) | Rs 2,40,000.00 |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | Head, Procurement Cell cum office of Director DRDA, Vikas Bhawan, Chatra |
| 8 | निविदा एवं EMD का Hard Copy कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 24.02.2023 at 11:00 AM to 04.03.2023 till 10:30 AM |

**Further details can be seen on website: www.chatra.nic.in or visit *Rurban Mission Cell, DRDA, Building, Nagwan Chowk Chatra 825401.***

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदाकर्ता द्वारा दो मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करना होगा। उक्त तिथि को क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। निविदादाताओं के तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, Procurement Cell, चतरा।

PR.NO.291098 Rural Development(22-23):D

**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा**
**पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सुभाष मार्केट स्थित सभी दुकानें **अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा के ज्ञापांक– 09, दिनांक– 30.09.2016** के द्वारा नगर परिषद्, चतरा को हस्तांतरित किया गया था तथा उक्त पत्र के द्वारा सभी दुकानों के लिए **14.00 रू0 प्रति वर्गफीट** किराया निर्धारित किया गया था।

हस्तांतरण के उपरान्त से उक्त स्थल पर दुकान धारित व्यक्तियों/लाभुकों के द्वारा न तो नगर परिषद्, चतरा के साथ किसी प्रकार का एकरारनामा किया गया है और ना ही नगर परिषद् को कभी किराये की राशि का भुगतान किया गया है।

विदित हो कि उक्त मार्केट में स्थित सभी दुकानें 30 वर्षों से अधिक पुरानी हैं तथा मरम्मती के अभाव में सभी दुकानें जर्जर हो चुकी हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। यहाँ ध्यात्वय हो कि कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, चतरा के द्वारा सभी दुकानों को कंडम घोषित किय जा चुका है।

नगर परिषद्, चतरा के द्वारा उक्त स्थल पर नया मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना तैयार कर राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा गया था, जिस पर स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं इसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर संवेदक को कार्यादेश भी निर्गत किया जा चुका है। वर्त्तमान में उक्त स्थल पर स्थित सभी जर्जर दुकानों को तोड़कर नव निर्माण शुरू किया जाना है।

अतः तदालोक में उक्त स्थल पर दुकान धारित व्यक्तियों/लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि उक्त दुकान हेतु उनके ऊपर बकाया किराया (अक्टुबर–2016 से जनवरी–2023 तक) जमा कर धारित स्थल को खाली करें ताकि उन्हें नव निर्मित मार्केट कॉम्प्लेक्स में दुकान आवंटन में प्राथमिकता दी जा सके। इस आदेश का अनुपालन नही करने की स्थिति में भविष्य में उक्त स्थल पर दुकान धारित व्यक्तियों/लाभुकों का कोई भी दावा मान्य नही होगा तथा इनके विरूद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा

PR 291105 Urban Development(22-23)#D

## वार्ता में बनी सहमति समाप्त हुआ आंदोलन

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी अंतर्गत माइनप भुमिगत खदान में अघोषित बंद एवं नो वर्क नो पे का नोटिस जारी करने के विरोध में शुक्रवार को मजदूरों ने जनता मजदूर संघ (जमसं) कुंती गुट की बैनर तले एरिया ऑफिस कार्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया।जिसका नेतृत्व कर रहे सांसद प्रतिननिधि सह जमसं के असंगठित प्रभारी अमरेंद्र कुमार एवं दीपक कुमार चौहान ने प्रबंधक की कड़ी आचोलना की। प्रबंधन को नो वर्क नो पे का नोटिस निरस्त करने की मांग की गई। ऐसा नहीं करने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी गई। उधर, घंटो आंदोलन के बाद धरना पर बैठे माइनप के मजदूर, मुराईडीह कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी अशोक कुमार व माइनप कंपनी प्रबंधन के बीच सकारात्मक वार्ता हुई। 10 मार्च के अंदर मजदूरों की मांग पर उचित पहल का आश्वासन मिला जिसके बाद आंदोलन समाप्त हो गया।

## निर्देश : शिविर लगा कर परेशानी में फंसे विद्यार्थियों का बनायें आधार कार्ड

# सभी बीइइओ-बीपीओ सात दिनों के भीतर अर्जित करें लक्ष्य: डीसी

**प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित मामले पर की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** डीसी कुलदीप चौधरी ने शुक्रवार को समाहरणालय कार्यालय कक्ष में कल्याण शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की। जिसमें डीडीसी कीर्तीश्री भी मौजूद थीं। डीसी ने कल्याण विभाग से संबंधित प्री मैट्रिक छात्रवृति की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रखंडवार पिछली बैठक के बाद अब तक हुए प्रगति की जानकारी ली। सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों (बीपीओ) को सात दिनों में निर्धारित लक्ष्य को अर्जित करने का निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में बीइओ/बीपीओ ने कुछ छात्रों का आधार कार्ड नहीं होने एवं उच्च विद्यालयों में ज्यादा समस्या होने की बात कहीं। इस पर डीसी ने वैसे छात्रों की सूची जिला को उपलब्ध कराने को कहा। उन छात्रों के लिए विशेष शिविर लगाकर आधार कार्ड बनाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा को उच्च विद्यालयों से संबंधित समस्याओं का बैठक कर त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। डीसी ने बताया कि जल्द ही कक्षा आठ के छात्रों के लिए सरकार द्वारा साइकिल की आपूर्ति की जाएगी। ऐसे में साइकिल के भंडारण को लेकर जगह चिन्हित करने का जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स को निर्देश दिया।



डीसी की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

### शत प्रतिशत छात्रों को पोशाक राशि उपलब्ध करायें

डीसी ने शिक्षा विभाग से पोशाक की राशि वितरण की समीक्षा की। इस क्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि 83 फीसदी छात्रों को राशि हस्तांतरित कर दी गई है। शेष छात्रों को भी जल्द राशि भुगतान कर दी जाएगी। इस पर डीसी ने शतप्रतिशत छात्रों को पोशाक राशि वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान 2024 चुनाव में दिलायेगा भाजपा को जीत: पीएन सिंह



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा धनबाद जिला महानगर की ओर से शुक्रवार को जिला कार्यालय में आयोजित बूथ सशक्तिकरण अभियान का समापन हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने की। अपने संबोधन में धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। इसी के बलबूते 2024 चुनाव में पार्टी की जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा बूथ जितना सशक्त होगा हमारी विचारधारा उतना ही जन-जन तक पहुंचेगा और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड जीत मिलेगी। प्रत्येक बूथों पर दो अल्पकालीन विस्तारक को 10 दिन का समय देकर बूथ सशक्तिकरण अभियान में शामिल होना है। वहीं, धनबाद जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि 2024 का चुनाव के लिए हम सभी तैयार हैं। बूथ सशक्तिकरण अभियान को भाजपा धनबाद जिला महानगर के 1159 बूथों में सफल कर हम सभी जिला महानगर के संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे। वहीं, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान के बाद हमें प्रत्येक बूथों पर 23 प्रकार के काम करने हैं। जिससे पार्टी के जनाधार में और अधिक वृद्धि हो। पूरे देश में भाजपा जीते हुए सीट पर बूथ सशक्तिकरण अभियान चला रही है और हारे हुए 160 सीट पर लोकसभा प्रवास योजना चला रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि धनबाद जिला के भाजपा कार्यकताओं का इतिहास रहा है कि जो भी कार्य प्राप्त होते हैं कार्यकर्ता उसे ऐतिहासिक सफलता के साथ पूरा करते हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता की कर्मठता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण देखने को मिल रहा है कि एक साथ संगठन के कई कार्यक्रम चल रहे हैं और सभी सफल हो रहे हैं। बूथ सशक्तिकरण अभियान के धनबाद जिला महानगर के संयोजक और महामंत्री नितिन भट्ट ने कहा कि जिला महानगर में पढ़ने वाले तीनों विधानसभा में विधानसभा स्तर की कार्यशाला की जाएगी और 10 मार्च से 20 मार्च के बीच में इस अभियान को पूरा कर लिया जाएगा।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## लोयाबाद के क्षेत्रीय अस्पताल पीएमइ सेंटर ने हासिल किया प्रथम पुरस्कार




लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल के क्षेत्रिय अस्पताल लोयाबाद के पीएमई सेंटर को प्रथम पुरस्कार मिला है। विगत 20 फरवरी को लोदना में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा समारोह में क्षेत्रिय अस्पताल लोयाबाद के चिकित्सक डॉ अनुज कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। प्रथम स्थान आने पर अस्पताल कर्मियो ने खुशी जाहिर की। ज्ञात हो कि 10 फरवरी को जीतपूर सेल के चिकित्सक डॉ राकेश कुमार व टाटा कंपनी के चिकित्सक डॉ सोनल राज द्वारा अस्पताल का निरीक्षण किया गया था। डॉ अनुज कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बीसीसीएल, टाटा व सेल के अस्पतालों का निरीक्षण एक टीम गठित कर किया जाता है। उसमें अस्पतालों के प्रर्दशन पर मार्क्स दिया जाता है। जिसके आधार पर पुरस्कार मिलता है। उन्होंने कहा कि लोयाबाद अस्पताल को मिला पुरस्कार यहां के कर्मियों के मेहनत का परिणाम है। इस मौके पर डॉ पुष्पाजलि नाग, डॉ रचित लोचन, मेट्रोन मंजू शर्मा, ममता सिंह, अमिताभ घोष, असीम कुमार दत्ता, आशुतोष किंकर, अमीत टोप्पो, भरत गुप्ता, निरंजन पासवान और तन्मय कोले आदि शामिल थे।

## रेल आंदोलनकारियों ने कतरास स्टेशन पर मनायी चौथी वर्षगांठ, बंद ट्रेनों के पुन: परिचालन की मांग




बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। डीसी रेल आंदोलनकारियों ने शुक्रवार को कतरास रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नबंर एक पर चौथी वर्षगांठ मनायी। कतरास स्टेशन से होकर जाने वाली सभी ट्रेनों का पुनः परिचालन वर्ष 2019 में हुआ था। आंदोलनकारियों ने कतरास स्टेशन में बंद पड़ी सभी ट्रेनों का परिचालन पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। अपने संबोधन में आंदोलनकारियों ने कहा कि कतरास-कुसुंडा के बीच रेलवे लाईन पर आग का हवाला देकर इसे बंद करने की फिर से साजिश रची जा रही है। अगर शीघ्र ही डीसी लाइन पर चलने वाली बंद डीसी ट्रेन सहित अन्य बंद ट्रेनों का परिचालन शुरू नहीं किया गया तो जोरदार आंदोलन किया जायेगा। इस मौके राजेंद्र प्रसाद राजा, विनय पासवान, मनोहर गुप्ता, शौकत खान, बलराम हरिजन, आरएस अग्रवाल, निमाई मुखर्जी, नरेश दास, अजय सिंह, परवेज इकबाल, अजय सिंह वउमेश आदि उपस्थित थे।

## जयरामपुर में व्याप्त गतिरोध के बीच शांतिपूर्ण शुरू हुआ आउटसोर्सिंग परियोजना का काम



झरिया (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के जयरामपुर में देवप्रभा कंपनी कि आउटसोर्सिंग परियोजना चालू करने को लेकर प्रबंधन और विस्थापितों में व्याप्त गतिरोध और टकराव कि आशंका को धत्ता बताते हुए देवप्रभा कंपनी के एमडी एलबी सिंह, निदेशक कुंभनाथ सिंह, शत्रुध्न सिंह ने शांति पूर्ण माहौल के बीच शुक्रवार को परियोजना का उत्खनन कार्य शरू किया। सबसे पहले भागा स्थित कैंप में शत्रुध्न सिंह और कुंभनाथ सिंह ने भूमिपूजन तथा एलबी सिंह ने परियोजना स्थित शावेल मशीनों पर नारियल फोड़कर उत्खनन कार्य शुरू कराया। बतातें चलें कि आउटसोर्सिंग परियोजना के शुरू होने को लेकर आसपास के ग्रामीणों और प्रबंधन में पिछले एक माह से टकराव की स्थिति बनी हुई थी। जिसे टालने एवं आउटसोर्सिंग परियोजना चालू कराने को लेकर लोदना क्षेत्रीय प्रबंधन ने ग्रामीणों और उसके नताओं के साथ कई बार वार्ता हुई। क्षेत्र के बहुचर्चित यूनियन नेताओं और उसके समर्थकों एवं अधिकांश लोगों के आउटसोर्सिंग के पक्ष में आ जाने से विरोधियों की योजना पस्त हो गई और परियोजना शुरू हुई। हालांकि मामले की गंभीरता को देख जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस था। धनबाद से अतिरिक्त पुलिस बल के साथ अलकडीहा ओपी प्रभारी महेंद्र कुमार, लोदना प्रभारी संजीव कुमार सिंह, तिसरा प्रभारी अभिजीत कुमार बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ तैनात रहे। वहीं आउटसोर्सिंग प्रबंधन एवं बीसीसीएल के जीएम बीके सिन्हा भी पूरे लाव लश्कर के साथ कार्यस्थल पर डटे थे। जबकि आउटसोर्सिंग के पक्ष में जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह के खास संजीत सिंह, पूर्व विधायक संजीव सिंह के खास रविशंकर सिंह, सतेंद्र सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, शिवाजी सिंह, रायबाबू सिंह आदि भी मौजूद रहे।

**जोर जबरदस्ती किसी को विस्थापित नहीं किया जाएगा : कुंभनाथ**
देवप्रभा कंपनी के निदेशक कुंभनाथ सिंह ने कहा कि क्षेत्र के तमाम लोगों के सहयोग से आज शांति पूर्ण माहौल में परियोजना का काम चालू किया गया। इस परियोजना की जद में अग्नि प्रभावित सिर्फ बागडिगी का विस्थापन किया जाएगा। बाकि किसी भी आवास या मुहल्लों को जरूरत पड़ने पर विस्थापन करने की समस्या आने पर जरेडा के तहत सम्मान के साथ विस्थापित कर पुनर्वासित किया जाएगा। किसी के साथ जोर जबरदस्ती कर विस्थापन नहीं किया जाएगी।

## साड़ी दुकान में डाका, मालिक समेत तीन लोगों को घायल कर लूटपाट

**चार अज्ञात समेत 10 नामजद के विरुद्ध थाने में मामला दर्ज तीन आरोपित गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** संजय नगर शिवलीबाडी निवासी रंजन कुमार ने कुमारधुबी ओपी में लिखित शिकायत देकर 10 नामजद सहित 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ अपनी दुकान में हमला कर डकैती और मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। रंजन ने बताया कि गुरुवार की रात 10.30 बजे अपने कर्मचारी के साथ दरबाजा बंद कर काम कर रहे थे। तभी शिवलीबाड़ी रहमतनगर के अरमान अंसारी, बादशाह अंसारी, जाहिद अंसारी उर्फ यदु अंसारी, लाल अंसारी, राजन अंसारी, राजा अंसारी, फूलजार अंसारी, रशीद अंसारी, छोटन अंसारी, मोराद अंसारी समेत चार अज्ञात लोग लोहे का रॉड, धारदार हथियार, भुजाली एवं कट्टा लेकर दुकान में प्रवेश किये। दुकान में उपस्थित कर्मचारियों पर हथियार से हमला कर घायल कर दिया और दुकान के गल्ला से करीब 25 हजार रुपया निकाल लिया। यही नहीं, मेरी जेब से पांच हजार रुपया भी निकाल ले गए। वहीं, घटना में संजय नगर निवासी सूरज कुमार पिता बलराम मोदी, सूरज कुमार पिता दिनेश मोदी और सहज कालीमंड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में कुमारधुबी ओपी प्रभारी संदीप कुमार यादव से पूछे जाने पर कहा कि उपरोक्त विषय में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी को गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया है। पूरे घटना की गहनता से जांच की जा रही है।

## रोजगार सहित 11 सूत्री मांग को लेकर जमसं का ब्लॉक टू क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदर्शन

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। प्रदूषण से बचाव व रोजगार की मांग को लेकर जनता मजदूर संघ (असंगठित) ने शुक्रवार को बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र में संचालित आउटसोर्सिंग एवं ट्रांसपोर्ट कंपनी के अलावा न्यू मधुबन कोल वाशरी में 75 फीसदी स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर ब्लॉक टू क्षेत्रीय कार्यालय में प्रदर्शन किया। साथ ही प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा। नेतृत्व कर रहे सासंद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि पूर्व में कंपनी प्रबंधकों के साथ हुई वार्ता हमें स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने पर सहमति बनने के बाद अनदेखई करने का आरोप लगाया।


झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

निविदा स्थगित संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के निविदा आमंत्रण संख्या– **262/2022-23/RWD/KHUNTI,** दिनांक– 04.02.2023, **PR NO.- 289289** के द्वारा प्रकाशित निविदा में आईडेन्टीफिकेशन संख्या– **RWD/KHUNTI/23/SRPKG-03/2022-23** द्वारा निविदा को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 291162 Rural Work Department (22-23)_D


## रायपुर में आयोजित कांग्रेस का अधिवेशन होगा ऐतिहासिक : ब्रजेंद्र सिंह

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ के नवन रायपुर स्थित मेला ग्राउंड में राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां अधिवेशन आयोजित हुआ, जिसके प्रथम दिन शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के स्वास्थ मंत्री टीएस सिंह देव उर्फ बाबा ने झारखंड के धनबाद से अधिवेशन में भाग लेने पहुंचे एआईसीसी सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह सहित सभी नेताओं से मुलाकात कर अधिवेशन की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उक्त अधिवेशन में झारखंड से भाग लेने गए सभी नेताओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां अधिवेशन शुक्रवार से शुरू हुआ, जो 26 फरवरी तक चलेगा। उक्त अधिवेशन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित देशभर के कांग्रेस के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन कार्यक्रम को इतना सुसज्जित रुप से सजाया गया है जो अपने-आप में एक ऐतिहासिक है। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शुभकामनाओं के साथ बधाई दी। इस मौके पर एआईसीसी विजय कुमार सिंह, एआइसीसी सदस्य मदन महतो, पीसीसी सदस्य सुल्तान अहमद, पीसीसी डेलीगेट शमशेर आलम, पीसीसी डेलीगेट मनोज यादव आदि मौजूद थे।

## कथारा जीएम ने किया मोंटिको नाला पुल का उद्घाटन

# पुल के बन जाने से वाहन चालकों और आम लोगों को अब नहीं होगी समस्या : जीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो थर्मल।** सीसीएल के गोविंदपुर स्वांग परियोजना स्थित मोंटिको नाला पुल का उद्घाटन कथारा प्रक्षेत्र के जीएम हरशद दतार ने पूजा कर व गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया। पुल निर्माण कार्य शिव शैल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा करीब एक करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से हुआ है। इसके निर्माण में करीब 10 महीन का समय लगा है। जीएम हरशद दतार ने कहा कि गोविंदपुर स्वांग परियोजना के खुली कोयला खदान विस्तारी कारण को लेकर मोंटिको नाला का डायवर्सन किया गया। गोविंदपुर फेसटू खुली खदान जाने के लिए इस रास्ता का उपयोग होता हैं। बरसात के समय मोंटिको नाला का जलस्तर बढ़ जाता हैं। अब पुल बन जाने से कोयले की ढुलाई कार्य बाधित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पुल बन जाने से हाइवा सहित अन्य गाड़ियों को आने-जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर गोविंदपुर स्वांग परियोजना के प्रोजेक्ट ऑफिसर दिनेश कुमार गुप्ता, जेई ऋषि राज, ऋषिकेश राज, शिव शैल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के अभिकर्ता राजकुमार सिंह, आमोद कुमार राय, अबू तालीम, मो अमिम, अयाज अली, पंसस प्रतिनिधि बिरसा रजक, सुरक्षा गार्ड मो मुर्शिद और मो मिनहाज आलम आदि उपस्थित थे।



मोंटिको नाला पुल का उद्घाटन करते जीएम हरशद दतार व अन्य।


समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची
(कल्याण शाखा)
(ब्लॉक-ए, कमरा संख्या- 112, ईमेल- dwo.ranchi@gmail.com):0651-2213348

प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2022–23 हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1. छात्रवृति के लिए आय की अधिसीमा :–
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राएँ, जिनके माता–पिता/अभिभावक की सभी श्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से अधिक नहीं हो। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अन्य कोई छात्रवृति का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

2. आवेदन करने की प्रक्रिया :–
अहर्ता प्राप्त छात्रों को वेबसाईट https://ekalyan.cgg.gov.in में दिये गये सभी दिशा निर्देशों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन करना है एवं सभी निम्नांकित वांछित प्रमाण –पत्रों की Scanned Copy (jpeg/jpg में 1mb तक) वेबसाईट पर अपलोड करेंगे :–

(i) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आय प्रमाण पत्र (Income Certificate) (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति (दिनांक 01.09.2022 अथवा उस तिथि के बाद से निर्गत आय–प्रमाण पत्र मान्य होगा)।
(ii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत जाति प्रमाण पत्र (Cast Certificate) (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iii) ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत जाति प्रमाण पत्र (Residential Certificate) (अंचलाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
(iv) संस्थान के लेटर हेड में संस्थान द्वारा वर्त्तमान वर्ष के लिए निर्गत Bonafide Certificate (with Fee Structure निर्गत संख्या एवं दिनांक के साथ) की मूल प्रति। (एक पृष्ठ में)
(v) पूर्व की परीक्षा के अंकपत्र (Mark Sheet of Previous exam) की अभिप्रमाणित प्रति।
(vi) छात्रवृति की धनराशि PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT के द्वारा सुयोग्य छात्र–छात्राओं के खाते में अन्तरित की जाएगी।(बैंक खाता को आधार संख्या से सीडिंग होना अनिवार्य है)।

4. ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क्र० | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारम्भ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेन की तिथि | 21-02-2023 | 06-03-2023 |
| 2. | शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि | 10-03-2023 | 17-03-2023 |
| 3. | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 10-03-2023 | 18-03-2023 |

कॉलेज/संस्थानों के द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु affiliation एवं registration का अद्यतन कागजात बेवसाई पर upload करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.03.2023 निर्धारित की गई है। जिन कॉलेज/संस्थानों को NAAC/NBA से प्रमाण पत्र प्राप्त है, वे कॉलेज/संस्थान NAAC/NBA से प्राप्त प्रमाण पत्र भी वेबसाईट पर UPLOAD करेंगे।

5. कॉलेज/संस्थान का दायित्व :–
(i) संस्थान अपना पूर्ण विवरण सहित मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपलोड करेंगे।
नोट :– राज्य के अन्दर स्थित संस्थानों को संबंधित जिला के जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा User ID एवं Password उपलब्ध कराया जायेगा तथा राज्य के बाहर के संस्थानों को उनके के अन्दर राज्य के बाहर स्थित महाविद्यालय/संस्थानों Course Mapping करते हुए Fee Detail भी Update करेंगे जो Student application form में दिखाई देगा, तभी Student Online आवेदन कर सकते हैं।
(ii) संस्थान अपने लेटर हेड में वर्ष 2022–23 में अध्ययनरत छात्र/छात्रा की छात्रवृति हेतु Bonafide Certificate निर्गत करेंग, जिसमें निर्गत संख्या एवं दिनांक अंकित होगा।
(iii) संस्थान प्रधान अपने महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के द्वारा भरे गए Online आवेदन को https://ekalya.cgg.gov.in के वेबसाईट पर अपने User ID एवं Password के माध्यम से Login कर Online सत्यापित करेंगे। राज्य के अन्दर एवं राज्य के बाहर स्थित माहविद्यालय/संस्थान सत्यापन से पूर्व Fee Detail भी Update करेंगे।
(iv) निबंधित संस्थान यदि अपने User ID एवं Password भूल गए हों तो पोर्टल पर दिए गए लिंक से पुनः User Id एवं Password Recover कर सकते हैं।
(v) राँची जिला अन्तर्गत ई–कल्याण पोर्टल पर जो भी संस्थान अपना निबंधन करते हैं। वे पोर्टल पर अपलोड किये गये कागजात की एक प्रति जिला कार्यालय, राँची में समर्पित करेंगे, ताकि उलब्ध कराये गये कागजाज से ऑनलाईन किये गये कागजात का मिलान किया जा सके।

6. हेल्प लाईन :–
सिर्फ आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया में यदि कोई कठिनाई हो तो ई–कल्याण के सम्पर्क संख्या -040-23120591/23120592/23120593 पर सम्पर्क कर सकते है एवं email ID - helpdeskekalyan@gmail.com पर email कर सकते है।

7. नोट :–
➢ पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित अनुसूचत जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से निर्गत दिशा–निर्देश एवं अन्य अनुवर्ती सूचना वेबसाई https://ekalya.cgg.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाई आवेदन करने के पूर्व कृपया उक्त वेबसाईट पर दिए गए निर्देश को अवश्य देख लिया जाय।
➢ उपबन्धित बजट राशि की सीमा के अन्तर्गत प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति स्वीकृति हो सकेगी।
➢ निश्चित समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् किसी प्रकार का आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
➢ छात्र/छात्रा को अपना आधार संख्या देना अनिवाग्र होगा।
➢ एक से अधिक आवेदन पत्र भरने पर छात्र/छात्रा का आवेदन पत्र रद्द कर दिया जायेगा।
➢ ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि/अशुद्धि/गलत अथवा भ्रामक सूचना देने पर आवेदन रद्द कर दिया जायेगा।

जिला कल्याण पदाधिकारी
राँची

PR 291130 Welfare (22-23)_D

## चांदीपुर आइटीआर की गुप्त सूचना पाकिस्तान को देने के आरोप में वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में हनीट्रैप का एक और मामला सामने आया है। खबर है कि पाकिस्तान को गुप्त सूचना देने के आरोप में एक वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तार किया गया। फिर एक बार बालेश्वर के चांदीपुर आइटीआर से हनीट्रैप के जरिए गुप्त तथ्य लीक हुई है। पाकिस्तानी एजेंटों ने अश्लील वीडियो के जरिए जानकारी जुटायी है। इस मामले में प्रतिरक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। बालेश्वर पुलिस ने गुप्त सूचना पाकिस्तान भेजने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पूर्वी आइजी हिमांशु लाल और बालेश्वर एसपी सागरिका नाथ ने इसकी जानकारी दी।

## महाराष्ट्र के किसान का दर्द- ऐसे कैसे जिंदा रहेंगे हम 512 किलो प्याज बेचने पर फायदा हुआ सिर्फ दो रुपये

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सोलापुर के एक किसान को उस समय बड़ा झटका लगा जब उसे पता चला कि उसने जिले के एक व्यापारी को अपने 512 किलोग्राम प्याज की बिक्री से केवल 2.49 रुपये का लाभ कमाया है। सोलापुर की बार्शी तहसील में रहने वाले किसान राजेंद्र चव्हाण ने बताया कि सोलापुर मार्केट यार्ड में उनकी प्याज की पैदावार की कीमत एक रुपये प्रति किलोग्राम थी और सभी कटौतियों के बाद उन्हें पिछले हफ्ते अपने शुद्ध लाभ के रूप में यह मामूली राशि मिली। किसान ने कहा, मैंने सोलापुर के एक प्याज व्यापारी को बिक्री के लिए पांच क्विंटल से ज्यादा वजन के प्याज के दस बोरे भेजे थे। लेकिन लोडिंग, परिवहन, श्रम और अन्य शुल्क के कटने के बाद मुझे सिर्फ 2.49 रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया, व्यापारी ने मुझे जिस दर की पेशकश की थी, वह सौ रुपये प्रति क्विंटल थी। उन्होंने बताया कि फसल का वजन 512 किलोग्राम था और उपज के लिए उन्हें कुल कीमत 512 रुपये मिली। राजेंद्र पूछते हैं, श्रम, वजन, परिवहन और अन्य शुल्कों में 509.51 रुपये की कटौती के बाद मुझे 2.49 रुपये का शुद्ध लाभ मिला। यह मेरा और राज्य के अन्य प्याज उत्पादकों का अपमान है। अगर हमें इस तरह का रिटर्न मिलता है, तो हम कैसे जिंदा रहेंगे? उन्होंने कहा, प्याजा किसानों को फसल का अच्छा मूल्य मिलना चाहिए और प्रभावित किसानों को मुआवजा मिलना चाहिए। किसान ने दावा किया कि उपज अच्छी गुणवत्ता की थी, लेकिन व्यापारी ने कहा कि यह निम्न श्रेणी का है। वहीं व्यापारी ने कहा, किसान केवल 10 बोरे लाया था और उपज भी निम्न श्रेणी की थी। यही कारण है कि उन्हें 100 रुपये प्रति क्विंटल की दर मिली। इसलिए सभी कटौतियों के बाद उन्हें शुद्ध लाभ के रूप में 2 रुपये मिले।

### एमसीएल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 75वीं बैठक संपन्न

## हिंदी के प्रयोग से राष्ट्रीय एकता के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश को मिलेगी अलग पहचान : केशव राव

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में शुक्रवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 75वीं तिमाही समीक्षा बैठक केशव राव, निदेशक (कार्मिक) एमसीएल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रों एवं मुख्यालय के राजभाषा पदाधिकारी उपस्थित हुए। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा बैठक का उद्देश्य भारत सरकार के राजभाषा संबंधी दिशानिर्देशों का पालन किया जाना है। इस दिशा में कंपनी के सभी कार्यालयों में केंद्र सरकार की राजभाषा नीति का पालन सुनिश्चित करना एवं इसके प्रगामी प्रयोग में वृद्धि किया जाना है। 15 से 17 फरवरी तक फिजी में विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के साथ-साथ कोल इंडिया से 5 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इस सम्मेलन में कई देशों के प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। सम्मेलन का उद्देश्य विश्व स्तर में हिंदी का प्रचार-प्रसार बढ़ाना है। हम विदेश दौरे के दौरान हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में प्रयोग करेंगे तो हिंदी के प्रचार में वृद्धि होगी। हिंदी के प्रयोग से राष्ट्रीय एकता के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देश को पहचाना जाएगा हमारा सॉफ्टपावर अर्थात देश की सांस्कृतिक धरोहर पूरे विश्व में स्थापित होगी। जो व्यक्ति जितना अधिक भाषा जानता है उतना ही उसका बौद्धिक स्तर भी बढ़ता है।




बैठक के प्रारंभ में कृष्ण मुरारी प्रसाद, महाप्रबंधक (राजभाषा) ने अध्यक्ष एवं उपस्थित सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए हम सभी लोग प्रयासरत है। सभी कार्यालय अपने-अपने स्तर पर भारत सरकार की राजभाषा नीतियों के विभिन्न मदों का पालन कर रहे हैं। बैठक के दौरान बीआर साहू कलिहारी, उप प्रबंधक, (राजभाषा) ने पिछली बैठक में लिए गये निर्णय पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक में क्षेत्रों एवं मुख्यालय के विभागों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गयी और जिन-जिन कार्यालयों में पिछली तिमाही की अपेक्षा इस तिमाही में राजभाषा पत्राचार में वृद्धि हुई है, उन्हें अध्यक्ष द्वारा हिंदी पुस्तक देकर सम्मानित किया गया।

## वित्त मंत्री ने 2.30 लाख करोड़ का पेश किया बजट

### कृषि, शिक्षा और रोजगार पर जोर दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार ने शुक्रवार को ओड़िशा विधानसभा में वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। वित्त मंत्री निरंजन पुजारी ने इस साल का बजट पेश किया। मौजूदा बजट में कुल 2 लाख 30 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। पिछले बजट के मुकाबले मौजूदा बजट में 15 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है। इसमें कृषि क्षेत्र के लिए : 24 हजार 829 करोड़, स्वास्थ्य क्षेत्र में : 16 हजार 48 करोड़, पाइप जलापूर्ति : 13 हजार 215 करोड़, सड़क, ब्रिज, रेलवे व एयरपोर्ट विकास : 19 हजार 452 करोड़, शहरी विकास : 7 हजार 919 करोड़ रुपये, मिशन शक्ति, महिला एवं शिशु कल्याण : 6 हजार 224 करोड़ रुपये, उद्योग और एमएसएमई : 1358 करोड़, आपदा प्रबंधन : 3700 करोड़, शिक्षा एवं कौशल विकास : 30 हजार 30 करोड़ रुपये, एससी/एसटी कल्याण : 38 हजार 437 करोड़ रुपये, पर्यटन : 680 करोड़ रुपये, क्रीड़ा : 1 हजार 217 करोड़ रुपये, इ एंड आईटी : 356 करोड़ रुपये, हस्ततंत्र बयनशिल्प : 219 करोड़ और अभ्यंतरीण सुरक्षा : 8 हजार 130 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। हालांकि मौजूदा बजट में हेल्थ केयर पर ज्यादा जोर दिया गया है। इसलिए आम अस्पताल योजना शुरू होगी। जिसके लिए 750 करोड़ रुपए खर्च किये गये हैं। इस योजना के अनुसार हर साल 147 अस्पतालों को रूपांतरित किया जायेगा।

## नारायणगढ़-भद्रक तीसरी लाइन का कार्य प्रगति पर, कई ट्रेनें रद्द और कुछ डायवर्ट

**रानीताल स्टेशन पर सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्य**

**कुछ ट्रेनें रद्द, आंशिक रूप से रद्द और डायवर्ट किया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नारायणगढ़-भद्रक तीसरी लाइन के निर्माण से संबंधित खडगपुर रेलवे मंडल के तहत रानीताल स्टेशन पर सुरक्षा संबंधी आधुनिकीकरण कार्यों के मद्देनजर, पूर्व तट रेलवे सीमा से प्रस्थान करने वाली, अपनी यात्रा समाप्त करने वाली और पूर्व तट रेलवे से गुजरने वाली कुछ ट्रेनें नीचे के अनुसार प्रभावित रहेंगी।

**रद्द ट्रेनें :** 18021 खड़गपुर-खुर्दा रोड एक्सप्रेस 25, 26, 28 फरवरी और 2, 5, 6 मार्च को रद्द रहेगी। 18022 खुर्दा रोड-खड़गपुर एक्सप्रेस 25, 26, 28 फरवरी और 2, 5, 6 मार्च को रद्द रहेगी। 08031 बालेश्वर-भद्रक पैसेंजर स्पेशल 25 फरवरी से 6 मार्च, तक रद्द रहेगी। 08032 भद्रक-बालेश्वर पैसेंजर स्पेशल 25 फरवरी से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 12821 शालीमार-पुरी धौली एक्सप्रेस 25 फरवरी से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 12822 पुरी-शालीमार धौली एक्सप्रेस 25 फरवरी से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 12892 भुवनेश्वर-बांगीरीपोसी एक्सप्रेस 26 फरवरी और 1 मार्च से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 12891 बांगीरीपोसी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस 26 फरवरी और 2 से 7 मार्च तक रद्द रहेगी। 12073 हावड़ा-भुवनेश्वर जन शताब्दी एक्सप्रेस 3 से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 12074 भुवनेश्वर-हावड़ा जन शताब्दी एक्सप्रेस 3 से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 12277 हावड़ा-पुरी शताब्दी एक्सप्रेस 3 से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 12278 पुरी-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस 3 से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 08416 पुरी-जलेश्वर पैसेंजर स्पेशल 4 से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 08415 जलेश्वर-पुरी पैसेंजर स्पेशल 4 से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 18037 खड़गपुर-जाजपुर क्योंझर रोड एक्सप्रेस 4 से 6 मार्च 2023 तक रद्द रहेगी। 18038 जाजपुर क्योंझर रोड-खड़गपुर एक्सप्रेस 4 से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 12875 पुरी-आनंद विहार एक्सप्रेस 3 और 5 मार्च को रद्द रहेगी। 12876 आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस 5 और 7 मार्च को रद्द रहेगी। 22851 संतरागाछी-मांगालुरु एक्सप्रेस 23 फरवरी और 2 मार्च को रद्द रहेगी। 22852 मांगालुरु-संतरागाछी एक्सप्रेस 25 फरवरी और 4 मार्च को रद्द रहेगी। 22825 शालीमार-चेन्नई एक्सप्रेस 28 फरवरी को रद्द रहेगी। 22826 चेन्नई-शालीमार एक्सप्रेस 1 मार्च 2023 को रद्द रहेगी। 12245 हावड़ा-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु) दुरंतो एक्सप्रेस 28 फरवरी, 1, 3, 4 और 5 मार्च को रद्द रहेगी। 12246 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु)-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस 2, 3 और 5 मार्च को रद्द रहेगी। 12704 सिकंदराबाद-हावड़ा फलकनुमा एक्सप्रेस 26 और 28 फरवरी और 2, 3 और 5 मार्च को रद्द रहेगी। 12703 हावड़ा-सिकंदराबाद फलकनुमा एक्सप्रेस 28 फरवरी और 2, 3, 4 और 6 मार्च को रद्द रहेगी। 20890 तिरुपति-हावड़ा हमसफर एक्सप्रेस 26 फरवरी और 5 मार्च को रद्द रहेगी। 20889 हावड़ा-तिरुपति हमसफर एक्सप्रेस 25 फरवरी और 4 मार्च को रद्द रहेगी।

12816 आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस 25 और 27 फरवरी और 1 और 4 मार्च को रद्द रहेगी। 12815 पुरी-आनंद विहार एक्सप्रेस 27 फरवरी और 1, 4 व 6 मार्च को रद्द रहेगी। 12864 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु)-हावड़ा एक्सप्रेस 26 और 28 फरवरी और 2 से 5 मार्च तक रद्द रहेगी। 12863 हावड़ा-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु) एक्सप्रेस 28 फरवरी और 2 से 6 मार्च तक रद्द रहेगी। 22305 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु)-जसीडीह एक्सप्रेस 26 फरवरी और 5 मार्च को रद्द रहेगी। 22306 जसीडीह-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु) एक्सप्रेस 24 फरवरी और 3 मार्च को रद्द रहेगी। 12503 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु)-अगरतला हमसफर एक्सप्रेस 28 फरवरी और 3 मार्च को रद्द रहेगी। 12504 अगरतला-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु) हमसफर एक्सप्रेस 5 मार्च को रद्द रहेगी। 22604 विल्लुपुरम-खड़गपुर एक्सप्रेस 28 फरवरी को रद्द रहेगी। 22603 खड़गपुर-विलुपुरम एक्सप्रेस 2 मार्च को रद्द रहेगी। 07046 सिकंदराबाद-डिब्रूगड स्पेशल 2 मार्च को रद्द रहेगी। 22888 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु)-हावड़ा एक्सप्रेस 2 मार्च को रद्द रहेगी। 22887 हावड़ा-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु) एक्सप्रेस 28 फरवरी को रद्द रहेगी, 18046 हैदराबाद-शालीमार ईस्टकोस्ट एक्सप्रेस 3 और 5 मार्च, को रद्द रहेगी। 18045 शालीमार-हैदराबाद ईस्टकोस्ट एक्सप्रेस 5 और 6 मार्च को रद्द रहेगी। 22832 श्री सत्य साईं प्रशांति निलयम-हावड़ा एक्सप्रेस 3 मार्च को रद्द रहेगी। 22831 हावड़ा-श्री सत्य साईं प्रशांति निलयमएक्सप्रेस 1 मार्च को रद्द रहेगी। 15905 कन्याकुमारी-डिब्रूगड एक्सप्रेस 2 मार्च को रद्द रहेगी। 15906 डिब्रूगड-कन्याकुमारी एक्सप्रेस 28 फरवरी को रद्द रहेगी। 12513 सिकंदराबाद-गुवाहाटी एक्सप्रेस 4 मार्च को रद्द रहेगी। 12514 गुवाहाटी-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 2 मार्च को रद्द रहेगी। 22606 विल्लुपुरम-पुरुलिया एक्सप्रेस 4 मार्च को रद्द रहेगी। 22605 पुरुलिया-विलुपुरम एक्सप्रेस 6 मार्च को रद्द रहेगी। 22855 संतरागाछी-तिरुपति एक्सप्रेस 5 मार्च को रद्द रहेगी. 22856 तिरुपति-संतरागाछी एक्सप्रेस 6 मार्च को रद्द रहेगी। 22863 हावड़ा-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु) एक्सप्रेस 6 मार्च को रद्द रहेगी। 22864 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु)-हावड़ा एक्सप्रेस 8 मार्च को रद्द रहेगी।

**ट्रेनों का डायवर्जन :** 22823 भुवनेश्वर-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस भुवनेश्वर से 27 फरवरी, 3 मार्च और 6 मार्च को भुवनेश्वर-झारसुगुड़ा-राउरकेला-टाटानगर के रास्ते डायवर्ट रूट पर चलेगी. 22824 नयी दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस 2 और 4 मार्च को नयी दिल्ली से जाने वाली डायवर्ट रूट वाया टाटानगर-राउरकेला-झारसुगुड़ा-भुवनेश्वर होकर चलेगी। 22811 भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 1 मार्च 2023 को भुवनेश्वर से छूटने वाली झारसुगुडा-राउरकेला-सिनी-चांडिल-अनारा-भोजुडीह-एनएससीबी गोमोह होकर डायवर्ट रूट पर चलेगी, 12246 सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु)-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस 26 और 28 फरवरी को सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (बेंगलुरु) से रवाना होकर कटक-जरोली-राजखरसवां-टाटानगर-खड़गपुर के रास्ते डायवर्ट रूट पर चलेगी।

**ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन :** 08063/08064 खड़गपुर-भद्रक-खड़गपुर मेमू स्पेशल को 25 फरवरी से 6 मार्च 2023 की अवधि के दौरान बालेश्वर से शॉर्ट टर्मिनेट किया जायेगा।

## संबलपुर मंडल की पुष्प प्रदर्शनी आज से



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल द्वारा 25 और 26 फरवरी-2023 को अधिकारी क्लब लॉन, रेल नगर, संबलपुर में एक फ्लावर शो आयोजित करने जा रहा है (पहले की अधिसूचना के अनुसार स्थल रेलवे स्टेडियम था, जिसे अब संशोधित करके अधिकारी क्लब लॉन, संबलपुर में स्थानांतरित किया गया है)। उद्घाटन समारोह शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित किया जायेगा। फ्लावर शो आम जनता के लिए रात 10 बजे तक खुला रहेगा। 25 और 26 फरवरी को शाम 7 बजे से रात 8 बजे के बीच एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा और दोनों दिन, फ्लावर शो के दौरान फूड स्टॉल भी उपलब्ध होंगे। फ्लावर शो के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधों का प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शनी के दौरान, विभिन्न रेलवे विभागों, नर्सरियों और अन्य संगठनों के प्रतिभागी अपने पुष्प संग्रह दिखायेंगे। पुष्प प्रेमियों और आम जनता से अनुरोध है कि वे प्रदर्शनी को देखें और आनंद लें।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**